# चांदी महंगी होने से 35 फीसदी बढ़े नए निवेशक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चांदी के ऑल टाइम हाई होने पर सराफा बाजार का माहौल भी बदल रहा है। खरीदारों की बात की जाए तो चांदी के उतार-चढ़ाव के बीच मुनाफा कमाने वाले नए निवेशक भी बाजार में उतर गए हैं। कारोबारियों के अनुसार इन निवेशकों की संख्या खरीदारों के मुकाबले लगभग 35 फीसदी है।

चौक सराफा थोक बाजार में चांदी के दाम बढ़ने पर कई बदलाव कारोबारी देखरहे हैं। इनमें बाजार में 35 से 40 वर्ष के बीच आने वाले खरीदार प्रमुख है। यह नए खरीदार चांदी में बेहतर रिटर्न को लेकर रोजाना बाजार टटोल रहे हैं। इनमें ज्यादातर निवेशक वे निवेशक हैं जो किसी न किसी निजी कंपनी में



- **चौक सराफा में आभूषण के बजाय बुलियन की बिक्री अधिक**

कार्यरत हैं। सिर्फ चौक सराफा की बात की जाए तो यहां पर शहर व अन्य जिलों से रोजाना 2 हजार से 2500 खरीदार आते हैं। चांदी महंगी होने के बाद इनकी संख्या बाजार में 2500 से 3500 के बीच हो गई है। इनमें नए व पुराने दोनों ही निवेशक शामिल हैं। इन नए निवेशकों की वजह से बाजार का औसत कारोबार प्रभावित होने से बचा है। नए निवेशकों को बाजार के लिए बेहतर संकेत माना जा रहा है। कानपुर महानगर बुलियन एंड सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. आशू शर्मा ने बताया कि बाजार से जुड़े नए निवेशक बाजार का औसत कारोबार स्थिर करने में सहायता कर रह रहे हैं। यह ऐसे निवेशक हैं जो ऑनलाइन कारोबार से दूर हैं। नौकरी करते हुए यह निवेशक बाजार में भी सक्रिय हैं।

### कारोबारियों ने बदला रुझान

- चांदी के दामों में अस्थिरता व थोक बाजार में प्रत्यक्ष निवेशकों की बढ़ती संख्या से कारोबारियों ने भी रुझान बदल दिया है। पूर्व में सिर्फ एक आइटम का कारोबार करने वाले चांदी विक्रेताओं ने भी बुलियन रखना शुरू कर दिया है। मंशा यह है कि किसी भी सूरत में खरीदार वापस न लौट जाए।

### नए कारोबारी रखें ख्याल

- बाजार में नए निवेशकों को कारोबारी सलाह देते हैं। उनका कहना है कि बाजार में पूंजी लगाने वाले नए निवेशकों को यह ख्याल रखना चाहिए कि वे लोन या उधार लेकर चांदी में निवेश करने से बचें। इसके अलावा शॉर्ट टर्म के लिए रुपया लगाने से बचाव करना चाहिए। नए निवशेकों को पुरानी चांदी को बाजार में उतारने से भी बचाव करना चाहिए। बाजार में उतना निवेश करना चाहिए जिससे जीवनयापन में समस्या न पैदा हो सके। ऑनलाइन के बजाय सीधे बाजार से खरीदारी करनी चाहिए।

## बेटी का रिश्ता देखने गए पिता की मौत

**कानपुर।** बेटी के लिए रिश्ता देखकर लौट रहे वृद्ध को ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। गंभीर अवस्था में पुलिस घायल को समीप के अस्पताल ले गई। जहां से डॉक्टरों ने हैलट रेफर कर दिया। हैलट में उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया।

सेन पश्चिम पारा के धुरवाखेड़ा निवासी 63 वर्षीय गजराज खेती-किसानी करते थे। शनिवार सुबह वह एकलौती बेटी के लिए रिश्ते की बात करने साइकिल से घाटमपुर गए थे। वहां से लौटते समय कुनिहार मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। हैलट में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंची पत्नी रामकली, तीन बेटे देवेंद्र, धर्मेंद्र व वीरेंद्र फफक पड़े।




गोविंद नगर में कटोरा लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

# कांग्रेसियों ने कटोरा लेकर मांगी भीख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **बिजली मूल्यवृद्धि प्रस्ताव के विरुद्ध भीख मांगों सत्याग्रह**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के बिजली की कीमतों में 30 प्रतिशत मूल्यवृद्धि प्रस्ताव के खिलाफ कानपुर महानगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गोविंद नगर बाजार में हाथों में कटोरा लेकर भीख मांगी। महंगाई के दौर में सरकार के इस प्रस्ताव की क्रूरतम बताते हुए तत्काल इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की।

कानपुर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि मनगढ़ंत तरीके से घाटा दिखाते हुए भाजपा सरकार बिजली की कीमतों में 30 प्रतिशत मूल्यवृद्धि करना चाहती है। कीमतें इतनी बढ़ गईं तो लोग भीख मांग कर बिजली बिल भरने को मजबूर हो जाएंगे क्योंकि महंगाई पहले से ही चरम पर है। छोटे व्यापारी, मध्यमवर्गीय परिवार एवं किसान भाजपा की 11 साल की नीतियों के कारण भीख मांगने की कगार पर पहुंच चुके हैं। सरकार के जनविरोधी प्रस्ताव के विरुद्ध सत्याग्रह और संघर्ष जारी रहेगा। सुनीत त्रिपाठी, अजय प्रकाश तिवारी, महेश दीक्षित, विवेक सक्सेना, प्रभाकर पांडेय, दीपक त्रिवेदी, तारा श्रीवास्तव, कान्ता सहगल, राज रानी गुप्ता, मुन्नी देवी, रामा देवी, चिंटू वालिया, अभिषेक त्रिपाठी, सुरेन्द्रनाथ दीक्षित, कमल शर्मा, कमलाकांत तिवारी, ईशु पांडे, हरि ओम शुक्ला, आदित्य पांडे, प्रथम वर्मा, मोहित दीक्षित, हर्षित ठाकुर, महेन्द्र सिंह भदौरिया, करमवीर सिंह, वेद प्रकाश सिंह, ओमनाथ तिवारी आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### चकरपुर में ट्रक से कुचलकर खलासी की मौत

**कानपुर।** चकरपुर मंडी में खलासी की अपने ही ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। परिजनों ने हादसा संदिग्ध बताकर चालक पर आरोप लगाया है। औरैया के गोविंदनगर निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग रामकिशन तिवारी ट्रक में खलासी थे। उनके बहनोई सुशील ने बताया कि औरैया निवासी ट्रक मालिक व चालक शीलचंद्र के साथ वह ट्रक में गेंहू लादकर सुबह नौ बजे चकरपुर मंडी आए थे। मंडी में ही रामकिशन अपने ही ट्रक के पीछे के पहियों की चपेट में आ गए। घटना के बाद शीलचंद्र भाग निकला। परिजनों का आरोप है कि रामकिशन ने दो दिन पहले बताया था कि शीलचंद्र से उनका किसी बात पर झगड़ा हुआ था। सचेंडी इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि परिजन अगर तहरीर देते हैं, तो कार्रवाई की जाएगी।

### डीसीएम ने कुचला

**कानपुर।** चकरपुर मंडी गेट पर डीसीएम ने सब्जी दुकानदार को कुचल दिया। नर्वल के पॉली निवासी 60 वर्षीय वृद्ध गंगा प्रसाद चकरपुर मंडी गेट के पास सब्जी की दुकान किए थे। गंगा प्रसाद की पत्नी व एकलौत बेटे बीनू की सात साल पहले मौत हो चुकी है। पांच बेटियां हैं, जो शादीशुदा हैं। दामाद राजकुमार ने बताया कि शनिवार शाम को डीसीएम मंडी परिसर में घुस रही थी, ससुर किनारे खड़े थे, तभी डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी और वह पहियों के नीचे आ गए।

# अब नए सिरे से तैयार होगी लिंक एक्सप्रेस वे की डिजाइन, सर्वे भी


## गंगा रिवर फ्रंट और जरीब चौकी का हिस्सा होगा लिंक एक्सप्रेस वे, तैयारी तेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा लिंक एक्सप्रेस वे को धरातल पर लाने की कवायद फिर से तेज हो गई है। इस प्रोजेक्ट की डिजाइन नए सिरे से तैयार होगी। इसके लिए जल्द ही सर्वे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसे अब जरीब चौकी पर प्रस्तावित फोर लेन ओवरब्रिज और गंगा में जाजमऊ के सिद्धनाथ घाट से बिठूर तक प्रस्तावित रिवर फ्रंट के फोर लेन एलिवेटेड मार्ग से भी लिंक किया जाएगा। इससे न सिर्फ लागत कम होगी बल्कि प्रोजेक्ट भी कम समय में तैयार हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए सांसद रमेश अवस्थी ने भी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से बात की है और उन्होंने भी इसे सहमति दी है।

जाम के समाधान के लिए गंगा लिंक एक्सप्रेस वे की योजना सपा शासन में बनी थी लेकिन फिजिबिलिटी रिपोर्ट के बाद यह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पाया। अब सांसद की पहल के बाद एक फिर से इसकी फाइल आगे बढ़ी है। पूर्व में बनी डिजाइन के मुताबिक चार लेन एलिवेटेड रोड को सिंगल पिलर पर बनाया जाना था।

योजना के तहत एक्सप्रेस वे सीएसजेएमयू के पास जीटी रोड से मकड़ीखेड़ा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की तरफ जाने वाले मार्ग से शुरू होकर मैनावती मार्ग से गंगा बैराज के दाएं बंधे से होकर गंगा नदी को पार करते हुए दाहिने घूमते हुए शुक्लागंज गंगा पुल से पहले जुहारी देवी रोड होते हुए मालरोड, एक्सप्रेस रोड होते हुए डिप्टी पड़ाव से जरीब चौकी, फजलगंज, विजय नगर होते हुए दलहन अनुसंधान संस्थान से पुनः जीटी रोड पर आकर शुरुआती स्थल पर जुड़ना था। अब जो डिजाइन बनेगी उसमें इसे गंगा में प्रस्तावित जाजमऊ- बिठूर एलिवेटेड रोड से जोड़ दिया जाएगा। इसी तरह जरीब चौकी पुल से भी इसे जोड़ दिया जाएगा। इससे लागत कम हो जाएगी। जल्द ही उच्च स्तरीय समग्र विकास समिति की बैठक होगी। इस बैठक में ही इस प्रोजेक्ट की डिजाइन को नए सिरे से बनवाने के लिए प्रक्रिया शुरू होगी। जरीब चौकी ओवरब्रिज और जाजमऊ से गंगा में प्रस्तावित एलिवेटेड रोड से लिंक होने से क्या- क्या लाभ होगा इस पर चर्चा होगी। सांसद रमेश अवस्थी का कहना है कि प्रोजेक्ट के लिए एनएचएआई से बजट मिले इसके लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से बात हुई है।



- **लागत भी कम होने से प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलने में होगी आसानी**

### परियोजना से लाभ

- ऐसे लोग जो दक्षिण इलाके से गंगा बैराज होते हुए लखनऊ या मालरोड अथवा कल्याणपुर की तरफ जाना चाहते हैं वे जाम में बिना फंसे ही चले जाएंगे। घंटाघर, मालरोड की तरफ रहने वाले लोग भी आसानी से विजय नगर, फजलगंज, दादानगर, गोविंद नगर की ओर आ जा सकेंगे। पूर्व में सात जगहों पर रैंप बननी थी लेकिन नई डिजाइन में रैंप की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

## बेटे के दोस्त के साथ भागी चार बच्चों की मां

**कानपुर।** अनवरगंज क्षेत्र में नानी बन चुकी चार बच्चों की मां अपने बेटे के दोस्त के साथ भाग गई। इस वजह से बकरीद पर इस घर में मातम पसरा रहा। महिला अपने साथ लाखों रुपये कैश व जेवर भी ले गई है। घटना की जानकारी जब महिला के दामाद को हुई तो उसने अपनी पत्नी यानी महिला की बेटी को छोड़ दिया। दूसरी बेटी का रिश्ता भी टूट गया।

परिवार को इस बात का गम नहीं है कि वह अपने साथ लाखों रुपये कैश व जेवर ले गई है लेकिन इस उम्र में उसके भागने से पूरे परिवार की जो बदनामी हो रही है, उससे परेशान हैं। परिवार को समझ नहीं आ रहा है कि वह क्या करे। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने से भी बदनामी होगी जिसके चलते अपनी इज्जत बचाने के लिए परिवार खामोशी से दोनों की तलाश कर रहा है।

# होटल, ढाबा और गायत्री सर्व समाज में जुटाए साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **किशोरी को बेचने के आरोपी सौरभ को लेकर पुलिस जयपुर पहुंची**
- **हंसपुरम की किशोरी का मामला, आरोपी की 5 दिन मिली पुलिस रिमांड**

**अमृत विचार।** हंसपुरम की किशोरी को बेचने के मुख्य आरोपी सौरभ गुप्ता की कस्टडी रिमांड के दूसरे दिन रविवार को पुलिस उसे लेकर जयपुर पहुंची। पुलिस आरोपी को उसी मार्ग से लेकर गई, जिससे वह किशोरी को लेकर जयपुर पहुंचा था। पुलिस सीकर के अंखुरिया में उस बाड़े में भी गई, जहां गायत्री सर्व समाज सामूहिक संस्था संचालित होता है। जयपुर से पहले पुलिस सौरभ को लेकर कानपुर देहात के उस ढाबे पर गई, जहां उसने किशोरी के साथ खाना खाया था। ढाबे पर कर्मचारी उसे नहीं पहचान सके। पूछताछ के बाद पुलिस आगे के लिए रवाना हुई।

पांच दिन की कस्टडी रिमांड के दूसरे दिन पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बीती 29 मार्च को वह मेंहदीपुर बालाजी जाने के लिए कार से रात में निकला था। 30 मार्च की सुबह बालाजी पहुंचे, लेकिन मंदिर नहीं गए। रास्ते में सुमन और पलक ने एक होटल में कमरा लिया और रुक गए। पुलिस टीम आरोपी के बताए रास्ते पर वहां पहुंची, लेकिन बाद में उसने बताया कि होटल भूल गया है। बाद में टीम उसे लेकर तीन होटलों में गई, वहां से जानकारी जुटाई और अंखुरिया के लिए रवाना हुए। अंखुरिया में गायत्री के बाड़े में पहुंची, जहां वह सामूहिक विवाह कराती थी। वहां से साक्ष्य जुटाने के बाद टीम 15 किमी दूर स्थित जनसेवा केंद्र पर गई, जहां से किशोरी का फर्जी आधार और पैन कार्ड बनवाया गया। हालांकि जनसेवा केंद्र बंद मिला।

### फेंके गए मोबाइल की तलाश में भटकी पुलिस

आरोपी सौरभ ने कोर्ट में सरेंडर से पहले अपने अधिवक्ता के कहने पर मोबाइल तोड़कर फेंक दिया था। शनिवार को पूछताछ के बाद पुलिस टीम मोबाइल की तलाश में निकली, लेकिन रातभर भटकने के बाद भी प्रयास सफल नहीं हुआ। आरोपी पुलिस को रातभर हंसपुरम स्थित घर के पास मोबाइल फेंकने की बात कहकर भटकाता रहा। इसके बाद बोला, हमीरपुर रोड किनारे नाले में फेंका है। टीम उसे वहां लेकर पहुंची तो बताया कि सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पास फेंका था। पुलिस वहां भी लेकर गई। इस तरह आरोपी ने पुलिस को पूरी रात घुमाता रहा।



गोविंदनगर में शिव बारात निकाली गई। अमृत विचार

## अमरनाथ यात्रा के लिए भेजा राशन

**कानपुर।** गोविंद नगर स्थित कलेक्शन सेंटर से रविवार को श्री अमरनाथ सेवा मंडल गोविंद नगर ने शिव बारात निकाली, जिसमें शिव परिवार, हनुमान जी और राधा कृष्ण की झांकियों के साथ राशन के ट्रकों की रवानगी अमरनाथ यात्रा के लिए की। यात्रा में भंडारे का आयोजन किया। संस्था के राजीव शुक्ला ने बताया कि संस्था 27 वर्षों से भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन कर रही है। इस दौरान संस्था के संस्था के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, महामंत्री शशी कांत त्रिपाठी, आदित्यकांत त्रिपाठी, संजय सराफ, सुमित कपूर, अनिल अग्रवाल, योगेश द्विवेदी, दिलीप बलेचा, सचिन माथुर, अंकित श्रीवास्तव, संतोष तिवारी रहे।

# सिंधु विकास सेवा समिति जैसी संस्थाओं की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **समिति ने आयुष्मान कार्ड व स्वास्थ्य शिविर लगाया**
- **मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी आए**

**अमृत विचार।** शास्त्री नगर, सिंधी कॉलोनी स्थित संत कवर राम हाल में सिंधु विकास सेवा समिति ने आयुष्मान कार्ड व स्वास्थ्य शिविर लगाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी ने भगवान श्री झूले लाल के सामने ज्योति प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शिविर में चार सौ से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। 357 लोगों ने आयुष्मान कार्ड का पंजीयन कराकर कार्ड बनवाया।

अवनीश अवस्थी ने कहा कि सिंधु विकास सेवा समिति जैसी संस्थाओं की जरूरत आज समाज को है। सभी को आगे आकर सामाजिक हित के कार्यों को करना चाहिए। उन्होंने सभी को वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। आज इतनी बड़ी संख्या में वरिष्ठ लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाकर समाज का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। आप अतिशीघ्र सभी वरिष्ठों को अयोध्या प्रभु श्रीराम के दर्शन कराने ले जाएं, वहां की सम्पूर्ण व्यवस्था सरकार द्वारा की जाएगी। अमित खत्री ने कहा कि समय-समय पर संस्था द्वारा कई कार्य किए जाते हैं और आगे भी किए जाएंगे। इस दौरान अमित खत्री, ललित श्यामदासानी, श्याम लाल मूलचंदानी ,विश्वनाथ आहूजा, गौरव शिवानी, बलवंत मखीजा अनिल डोडवानी, महेश मखीजा, श्याम बिजलानी व कैलाश निहलानी, घनश्याम छाबड़ा, चंद्र कुमार खिलवानी, रवि बदलानी, चंद्रभान मोहनानी, मनोज लालवानी, मुरारी चुग, बंटी सिंधवानी, सुरेश कटारिया, बिहारी लाल बजाज, हरि गंगवानी, पार्षद अरविंद यादव, सुरेश धमीजा व राजकुमार मोटवानी रहे।




अवनीश अवस्थी का स्वागत किया गया। अमृत विचार

### सूचना

सूचित हो कि बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा– यशोदा नगर, कानपुर नगर के खाते में मेरा नाम मुस्कान (Muskan) अंकित है जो कि मेरा बचपन में पुकारने वाला नाम है। जबकि मेरा सही नाम फिजा परवीन (Fiza Parveen) है जो कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम फिजा परवीन व मुस्कान मेरे ही नाम हैं। अत: बैंक खाते में मेरा नाम फिजा परवीन अंकित किया जाये। **फिजा परवीन पुत्री फिरोज अहमद निवासिनी 5डी/151, आवास विकास, हंसपुरम, नौबस्ता तह0 व जिला कानपुर नगर।**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Jargaam Abbas **पुत्र कल्बे हसन निवासी ग्राम लखनिया पोस्ट बड़ेपुर तहसील जलालपुर अम्बेडकर** नगर समस्त अभिलेखों में दर्ज है। परंतु मेरे पासपोर्ट नम्बर K 1256425 में त्रुटिवश Zargaam Abbas दर्ज हो गया है,जो कि गलत है। मुझको मेरे सही नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

### सूचना

सूचित हो कि मैं श्रीमती रूही शुक्ला पत्नी विशाल तिवारी निवासिनी– एस0एस0 /413/ सी– 1. सेक्टर– सी–1, एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0–226012, मेरे आधार कार्ड व अन्य राजस्व अभिलेखो में शुद्ध व सही नाम रूही शुक्ला (RUHI SHUKLA) अंकित है। जो कि सत्य है। जबकि मेरा नाम पैन कार्ड नं0– BLXP8026N में RUHI TIWARI अंकित है। उक्त दोनो नाम RUHI TIWARI व RUHI SHUKLA मेरे ही है, जिसे RUHI SHUKLA के नाम से ही जाना जाये और माना जाये। जो कि सत्य व सही है।

### सूचना

सूचित हो कि मै रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू , निवासी मोहल्ला मुंशीगंज कस्बा, थाना, परगना व तहसील–मलिहाबाद जनपद लखनऊ , मेरा नाम आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों पर रितिक कुमार (RITIK KUMAR ) पुत्र बबलू दर्ज है। जबकि मेरे पासपोर्ट संख्या B7257954 पर मेरा नाम रितिक (RITIK) त्रुटिपूर्ण रूप से दर्ज हो गया है मेरा सही नाम रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू है। अत: मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम रितिक (RITIK) के स्थान पर रितिक कुमार (RITIK KUMAR) दर्ज किया जाय।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे एसजीपीजीआई के सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम अरुणा गौतम दर्ज है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम अरुणा देवी पत्नी राम कुमार है भविष्य में मेरी पत्नी का नाम अरुणा देवी सभी अभिलेखों में दर्ज किया जाए तथा जाना जाए। **राम कुमार पुत्र भगवान दीन निवासी एकता नगर कल्ली पश्चिम सरोजिनी नगर लखनऊ**

### सूचना

सर्व समाज को सूचित किया जाता है प्रस्तावित बहुद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड पहाड़पुर अहिरी विकासखंड अहिरोरी न्याय पंचायत गडेउरा तहसील सदर जिला हरदोई की समिति गठन हेतु प्रथम बैठक दिनांक 9 जून 25 को समय 11: 00 बजे संपन्न होगी । यह जानकारी समिति द्वारा प्रेषित की गई । **मोबाइल नंबर 9628967077**

**राजनीति** सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष अभियान का होगा भव्य शुभारंभ

# 11 वर्ष पूरे होने पर आज से भाजपा के अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्र में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर सोमवार से भाजपा के अभियान शुरू होंगे। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों में होने वाले कार्यक्रमों का भव्य शुभारंभ होगा। 9 जून से 21 जून तक होने वाले विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कई कार्यक्रम होंगे।

रविवार को भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक कर कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी 17 जिलों में जिला कार्यशालाएं पूरी हो चुकी हैं। क्षेत्रीय अभियान टोली का गठन भी हो चुका है, जिसमें क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता,पवन प्रताप सिंह, सुनील तिवारी और देवेंद्र देव गुप्ता शामिल हैं। ये सभी नेता अभियान की मॉनिटरिंग एवं संचालन के लिए नियुक्त किए गए हैं। साथ ही प्रत्येक जिले में भी अभियान टोलियों का गठन कर दिया गया है। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, मोहित सोनकर, पवन पांडे, लज्जाराम यादव आदि मौजूद रहे।

भाजपा क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि अभियान में सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, एवं जिला पदाधिकारी अपने-अपने मंडलों एवं विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास कर कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री एवं प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेता भी अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।




भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल बैठक कर जानकारी देते हुये। अमृत विचार

- **सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कई कार्यक्रम होंगे**

### ये अभियान चलेंगे

- 9 जून को अभियान का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। इसके बाद सभी जिलों में अभियान शुरू हो जायेगा।
- 10 से 11 जून को जिलों में प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा, मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रबुद्ध जनों से संवाद के लिये प्रबुद्ध समागम आयोजित किए जाएंगे।
- 12 से 14 जून तक सभी मंडलों में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन होगा। इसमें नागरिकों को विकसित भारत के लिए संकल्प दिलवाने के साथ संकल्प पत्र दिए जाएंगे।
- 15 से 17 जून तक सभी शक्ति केंद्रों पर चौपाल होगी। जिसमें जनता से सीधा संवाद किया जाएगा। घर-घर जाकर 11 वर्षों की उपलब्धियों का पत्रक वितरित किया जाएगा।
- 21 जून को आखिरी दिन सभी मंडलों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## हनुमान चालीसा का पाठ किया

**कानपुर।** सनातन संगम की ओर से शनिदेव मंदिर लेबर कॉलोनी गोविंद नगर कानपुर में रविवार को हनुमान चालीसा पाठ आयोजित हुआ। सत्संग कार्यक्रम के दौरान शनिदेव मंदिर समिति के सदस्यों ने भव्य आयोजन कराने के लिए सनातन संगम का आभार व्यक्त किया। यह भी कहा कि समाज को नई दिशा देने का कार्य सनातन संगम कर रहा है। इस दौरान सनातन संगम के अध्यक्ष विजेंद्र मक्कड़ ने कहा कि समाज की हर वर्ग को सनातन संगम से जोड़ने का कार्य संगठन करेगा। कार्यक्रम में रामकुमार पाठक,राकेश कत्याल, प्रदीप हांडा सुशील मेहरा,बलदेव राज,अनु मल्होत्रा,अनूप भल्ला,अनिल त्रिपाठी, राजेश सेठी, सनी लांबा, पप्पन मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

आगामी दिनों में धूप और गर्मी बढ़ेगी, फिलहाल पांच दिन तक बूंदाबांदी के आसार नहीं हैं

| 43.0° अधिकतम तापमान | 32.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:01 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

### एक नजर

#### दुष्कर्म पीड़ित मासूम की हालत गंभीर

**कानपुर।** बांदा में दुष्कर्म की शिकार तीन वर्षीय बच्ची की हालत बिगड़ती जा रही है। 26 वर्षीय युवक ने इस तरह से बच्ची के साथ दरिंदगी दिखाई कि उसके पाखाने का रास्ता बंद हो गया और संक्रमण बढ़ रहा है। डॉक्टरों ने बच्ची का अलग से पाखाने का रास्ता बनाने की बात कही तो उसके पिता ने ऐसा करने से डॉक्टरों को मना कर दिया है। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि टीम इलाज में लगी है।

# तपेश्वरी मंदिर चमकेगा, बनेगा पर्यटन केंद्र

## विकास की डिजाइन तैयार की गई, इम्पैनलर्ड आर्किटेक्ट ने तैयार की ड्राइंग, जल्द काम शुरू होने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


तपेश्वरी देवी मंदिर तक जाने वाला मार्ग सुधरेगा।


मंदिर का किया जाएगा सुंदरीकरण। अमृत विचार

- पर्यटन विभाग वाकिंग सिन्थैटिक ट्रैक, यात्री शेड समेत 5 कार्य करेगा
- जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ने नगर निगम से एनओसी मांगी

**अमृत विचार।** बिरहाना रोड पर स्थापित प्राचीन तपेश्वरी देवी मंदिर के विकास कार्यों की डिजाइन तैयार हो गई है। मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर वॉकिंग सिन्थैटिक ट्रैक बिछेगा। इसके साथ ही यात्री शेड का निर्माण, सोलर लाइटें, दर्शनार्थियों के लिये टॉयलट ब्लॉक के साथ ही साइनेज लगाने का कार्य भी होगा। सीएम पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत पर्यटन विभाग मंदिर का विकास करेगा। इम्पैनलर्ड आर्किटेक्ट से निर्माण कार्यों की ड्राइंग तैयार करा ली गई है। माना जा रहा है जल्द ही कार्य शुरू होंगे।

आर्यनगर क्षेत्र के विधायक अमिताभ बाजपेई ने तपेश्वरी देवी मंदिर को विकसित करने के लिए प्रस्ताव दिया था ताकि यहां आने वाले दर्शनार्थियों को सुविधा हो सके। साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा सके। विधायक ने मांग की थी कि मंदिर की एप्रोच रोड पर इंटरलॉकिंग का कार्य, दर्शनार्थियों के लिए शेड, मंदिर परिसर के बरामदे में वाटर फूमिंग का कार्य, सुलभ प्रसाधन का निर्माण कार्य समेत कई कार्य कराए जाएं। जिस पर उत्तर प्रदेश पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्र ने 50 फीसदी सहभागिता की सहमति दी है। इम्पैनलर्ड आर्किटेक्ट ने विकास कार्यों की रूप-रेखा तैयार की है। मंदिर के निर्माण कार्यों में करीब 2 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर मंदिर विकास के लिए भू-अभिलेख और एनओसी मांगी है ताकि निर्माण कार्य को लेकर कागजी कार्यवाही पूरी करने के साथ ही काम शुरू कराया जा सके।

### मंदिर की है बड़ी मान्यता

- मान्यता है कि तपेश्वरी देवी मंदिर में जो भी भक्त अखंड ज्योति जलाते हैं मां भगवती उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करती हैं। यहां प्रदेश के कई जिलों से आकर भक्त मां के दर्शन करते हैं और मां के दरबार में अखंड ज्योति जलाते हैं। बच्चों का यहां मुंडन भी होता है। मां के 108 नामों का जप नवरात्र में करते हैं। ऐसी मान्यता है कि मां के नामों का जप करने से पद, प्रतिष्ठा और ऐश्वर्य की कामना पूरी होती है।

## काली मठिया मंदिर के सुंदरीकरण का कार्य रुका

**कानपुर।** शास्त्री नगर स्थित प्राचीन मंदिर काली मठिया के सौंदर्यीकरण का कार्य रुका पड़ा है। यहां भव्य मुख्य द्वार बनाने के साथ ही चौराहे पर फाउंटेन बनना है। मंदिर के सौंदयीकरण के लिये पत्थरों की नक्काशी की योजना है। कहा गया था कि श्रद्धालुओं को सुगम पथ देने के लिये परमट मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर फुट टाइल्स लगाए जाएंगे।

नगर निगम मंदिर को कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने के लिये 60 लाख रुपये खर्च कर रहा है। नवरात्र के ठीक पहले कार्य की शुरुआत हुई थी लेकिन मौजूदा समय में कार्य रुका है। जुलाई 2024 में वार्ड 69, सरोजनी नगर के पार्षद अरविंद यादव और महापौर प्रमिला पांडेय के पुत्र अमित पांडेय ने मंदिर के सुंदरीकरण के लिये पूजन किया था। इसके बाद यहां सीवर लाइन का कार्य शुरू होने की वजह से 8 महीने कार्य शुरू नहीं हो सका। अब सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू तो हुआ था लेकिन मौजूदा समय में कार्य रुका पड़ा है। योजना के अनुसार मंदिर में लाइटिंग, फुटपाथ और चौराहे के सुंदरीकरण के साथ प्रसाद बेचने वाले दुकानदारों को भी व्यवस्थित किया जाना है।

# हमीरपुर रोड पर टूटी पेयजल लाइनों की मरम्मत शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डेढ़ वर्षों से 25 हजार लोग दूषित पेयजल और लो प्रेशर सप्लाई से जूझ रही है

**अमृत विचार।** आखिरकार रविवार को हमीरपुर रोड पर तीन जगह टूटी पेयजल लाइनों की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया। डेढ़ वर्षों से क्षेत्र के 25 हजार लोग दूषित पेयजल और लो प्रेशर सप्लाई से जूझ रहे हैं। जलनिगम ने तीनों स्थानों पर खोदाई की। इसके बाद लाइनों को खोजकर मरम्मत कार्य शुरू की। क्षेत्रीय पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने बताया कि मेट्रो की लापरवाही की वजह से स्थानीय जनता परेशान है।

पार्षद ने बताया कि मेट्रो की कंपनी जेएमसी ने निर्माण कार्य के दौरान 24 इंच की पेयजल लाइन कई स्थानों पर तोड़ दी। इससे बस्ती की ओर से जा रही 4 इंच की कनेक्टिंग पेयजल लाइन से लोगों को दूषित पानी सप्लाई हो रही थी। मेट्रो के न सुनने पर जलनिगम द्वारा मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। रविवार को जलनिगम ने मेट्रो पिलर नंबर 1, 6-7 के बीच में और नायरा पेट्रोल पंप के पास टूटी पेयजल लाइन को ठीक करने के लिये खोदाई शुरू की है।

### सीवर लाइन में भर गई मिट्टी

शालू कनौजिया ने बताया बीआर मेमोरियल स्कूल के सामने धंसी सड़क की वजह से सीवर लाइन जाम हो गई है। इससे समस्या बढ़ गई है। अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जनता एक महीने से परेशान है।


जलनिगम ने खोदाई शुरू की। अमृत विचार

### रेगिस्तान.....


प्रचंड गर्मी में घटते जलस्तर से सूखी गंगा नदी का किनारा रेगिस्तान सा नजर आ रहा है। सामने गंगा पुल और दूर दूर तक फैली बालू जहां पानी की बूंद दिखाई नहीं दे रही। फोटो : मनोज तिवारी

# फैक्ट्री में मजदूर पर कागज का रोल गिरने से मौत

**कानपुर।** दादानगर फैक्ट्री एरिया में शनिवार रात कागज का रोल गिरने से मजदूर की मौत हो गई। मजदूर के परिजनों ने मालिक पर घायल मजदूर को फैक्ट्री से बाहर फिंकवाने का आरोप लगाया है।

न्यू आजादनगर निवासी 33 वर्षीय पवन शुक्ला दादानगर फैक्ट्री एरिया स्थित बी मनीष ट्रेडर्स में काम करता था। पत्नी शिवानी के अनुसार उसके पति शनिवार को फैक्ट्री में कागज के रोल उतार रहे थे। तभी एक एक रोल उनके ऊपर गिर गया। साथी मजदूर उन्हें रतनलालनगर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से हैलट रेफर कर दिया गया। जहां पति की मौत हो गई। शिवानी का आरोप है कि फैक्ट्री मालिक चाहते तो उसके पति की जान बच सकती थी, लेकिन अस्पताल पहुंचाने के बजाय मालिक ने पति को घायल अवस्था में फैक्ट्री से बाहर सड़क पर फिंकवा दिया था। समय से इलाज न मिलने से पति की मौत हुई है। गोविंदनगर थाना प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला ने बच्चे को चप्पलों से पीटा, नाखूनों से नोंचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- क्रिकेट मैच के दौरान बच्चों के विवाद में कूदी मां

**अमृत विचार।** क्रिकेट खेलने के दौरान दो बच्चे आपस में भिड़ गए। मारपीट होने पर एक बच्चा अपनी मां को बुला लाया। उसकी मां ने दूसरे बच्चे को चप्पलों से पीटा। पीटने के बाद नाखून से बच्चे की गर्दन और चेहरे पर नोंच लिया। बच्चे की चप्पल से पिटाई का वीडियो वायरल होने पर पीड़ित की मां ने आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

गोविंदनगर 11 ब्लाक निवासी पंकज शर्मा परचून दुकानदार हैं। परिवार में पत्नी रीना, बेटी यशी और 12 वर्षीय बेटा युवराज हैं। पकंज की पत्नी रीना के अनुसार पांच जून की शाम उनका बेटा युवराज मोहल्ले में बच्चों के साथ शहीद भगत सिंह पार्क में मैच खेल रहा था। साथ में पड़ोस के संतविंदर सिंह का बेटा विराज भी खेल रहा था। खेल के दौरान युवराज व विराज के बीच किसी बात को लेकर विवाद, फिर मारपीट हो गई। इस पर विराज अपनी मां परमजीत कौर को बुला लाया। परमजीत कौर ने बिना किसी जानकारी किए युवराज को गालियां दीं और चप्पल से पीटना शुरू कर दिया। विराज ने भी लातें मारीं। बचाव की कोशिश पर परमजीत कौर ने नाखूनों से उसके चेहरे व गर्दन पर नोंच डाला। मां ने परमजीत कौर के घर जाकर विरोध जताया तो उनसे भी अभद्रता की। थाने में शिकायत की बात कही तो धमकाया कि बेटे को जान से मरवा देंगी। गोविंदनगर थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी महिला पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# जून में पहली बार पारा पहुंचा 42 पार, अभी और बढ़ने के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हवाओं का रुख बदलने से मौसम में बढ़ी तपिश
- 12 जून तक पारा और अधिक बढ़ने की संभावना

**अमृत विचार।** शहर में जून में पहली बार रविवार को पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों ने 12 जून तक सूखी गर्मी के बढ़ने के आसार जताए हैं। अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़त दर्ज की जा सकती है।

नौतपा के साथ शुरू हुए जून महीने में पहली बार ऐसा हुआ जब अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार गया है। 1 जून को 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 7 जून को तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस था। 24 घंटे के भीतर अधिकतम तापमान ने लगभग दो डिग्री सेल्सियस का उछाल दर्ज किया। सीएसए विवि के मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस रहा। सीएसए विवि के मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि शहर में उत्तर पूर्व हवाओं के असर से तपिश भरी गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि तापमान में बढ़ोतरी के साथ उमस भी है। आने वाले सप्ताह में भी उमस बनी रहेगी। 11 जून तक कोई राहत की संभावना नहीं है। 12 जून के बाद कई मौसमी सिस्टम हवाओं का चक्रवात पूर्वोतर राज्यों में बनेगा। एक निम्न दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी में बनेगा जिससे मानसून आगे बढ़ेगा। लोगों को सलाह दी जाती है कि दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक घरों में रहें और बच्चे, बीमार, बुजुर्ग घरों के बाहर निकलने से परहेज करें।


गर्मी से बचाता मां का आंचल।

# गुमटी में बंद जयहिंद टाकीज में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुमटी नंबर पांच स्थित जयहिंद टाकीज की छत पर पड़े कबाड़ में भीषण आग लग गई जिससे बाजार में अफरातफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग बुझाई।

रविवार को अपराह्न 3.30 बजे जयहिंद टाकीज के ऊपरी हिस्से में आग लगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि शार्ट सर्किट से कबाड़ में आग लगी। धुआं उठते देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। क्षेत्रीय लोगों ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। फजलगंज फायर स्टेशन से मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा की अगुवाई में दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं और एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना है कि आग को बुझा दिया गया है। कोई जनहानि नहीं हुई।


जयहिंद टाकीज में लगी आग बुझाते दमकल कर्मचारी। अमृत विचार

जरा ध्यान दें

## पुल कर रहा कंपन, बेयरिंग क्षतिग्रस्त व दरारें आ गईं

# यमुना पुल की मरम्मत 14 से, ट्रैफिक बाधित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 21 जुलाई तक प्रत्येक सप्ताह शनिवार व रविवार को यातायात बंद

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग के यमुना नदी पुल की मरम्मत के लिए एनएचएआई ने डीपीआर तैयार कर ली है। जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए इस पुल की मरम्मत के लिए सभी तरह के छोटे, बड़े यात्री व भारवाहक वाहनों का आवागमन 14 जून से 21 जुलाई तक प्रत्येक सप्ताह में शनिवार व रविवार को पूर्ण रूप से बंद रहेगा। पुल पर शनिवार सुबह छह बजे से सोमवार सुबह छह बजे तक मरम्मत कार्य किया जाएगा।

केंद्रीय सड़क अनुसंधान संगठन (सीआरआरआई) की टीम ने कुछ दिनों पहले कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में 49 साल पहले हमीरपुर जिले में बने यमुना नदी पुल का सर्वे किया था, जिसमे टीम ने पुल के कंपन करने का खुलासा किया था। रिपोर्ट में पुल के पिल में लगीं बेयरिंग तत्काल बदलने, दरारों को खत्म करने और मजबूती के लिए कोठियों की स्लैब की मरम्मत की संस्तुति की गई है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव ने बताया कि मरम्मत के लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है, 14 जून से 21 जुलाई तक प्रत्येक सप्ताह में शनिवार सुबह छह बजे से सोमवार सुबह छह बजे तक मरम्मत कार्य होगा, जिस दौरान पुल पर वाहनों का आवगमन पूर्ण रूप से बंद रहेगा। कानपुर व घाटमपुर से हमीरपुर, सुमेरपुर व कबरई की तरफ जाने वाले वाहनों के लिये वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया।

### महोबा से कानपुर जाने वाले वाहन ऐसे चलेंगे

- महोबा की तरफ से हमीरपुर, कानपुर जाने वाले वाहन कबरई से बांदा, चौडगरा व खन्ना बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे होते हुये कानपुर प्रस्थान करेंगे।
- कस्बा मौदहा व सुमेरपुर से कानपुर की तरफ जाने वाले वाहन बांदा क्षेत्र से होते हुये कानपुर की तरफ जायेंगे।
- कस्बा मौदहा सुमेरपुर से हमीरपुर व कानपुर की तरफ जाने वाले वाहन कुरारा मार्ग से मनकी पुल होते हुये व जोल्हूपुर मोड से कालपी मार्ग होते हुये कानपुर प्रस्थान करेंगे।
- राठ सरीला क्षेत्र से कानपुर की तरफ जाने वाले छोटे बड़े वाहन उरई जालौन मार्ग होते हुये कानपुर की तरफ प्रस्थान करेंगे।

### ऐसे जाएंगे वाहन कबरई और हमीरपुर

- कानपुर से चौडगरा, बांदा होते हुए जाए कबरई।
- कानपुर से कालपी, उरई व बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे होते हुये कबरई।
- कानपुर से चौडगरा, पपरेंदा होते हुए सुमेरपुर।
- कानपुर से मूसानगर, मनकीपुल व कुरारा होते हुये हमीरपुर।
- घाटमपुर से मूसानगर, मनकीपुल च कुरारा होते हुये हमीरपुर।

# अधिकारियों की प्रताड़ना पर युवक ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लिखा-चार लोगों ने झूठे आरोप लगाकर मुझे नौकरी से निकलवा दिया

**अमृत विचार।** कंपनी में काम करने वाले चार लोगों ने झूठे आरोप लगाकर मुझे नौकरी से निकलवा दिया। मैंने आवाज उठाई तो दबा दी गई। वेतन मांगने पर प्रताड़ित किया। विरोध पर जूते साफ करवाने की बात करते थे। उन सभी से मैं इतना परेशान हूं कि आत्महत्या करने जा रहा हूं। सुसाइड नोट में यह बातें लिखकर युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी।


रायपुरवा के देवनगर निवासी 33 वर्षीय अमित नाथ मिश्रा एक पान-मसाला कंपनी में मार्केटिंग का काम करते थे। परिवार में पिता अखिलेश चंद्र, पत्नी अनुजा, तीन साल का बेटा देवांश व डेढ़ साल की बेटी पूर्वी हैं। परिजनों ने बताया कि वह 17 साल से कंपनी के लिए बेंगलुरु में मार्केटिंग का काम करते थे। बीती अप्रैल में नौकरी छूट गई। जिसके बाद घर आकर रहने लगे, लेकिन किसी को कुछ नहीं बताया। चार दिन पहले अमित की पत्नी बच्चों को लेकर रावतपुर मायके गईं। शनिवार को अमित के पिता काम पर चले गए। इस दौरान वह घर पर अकेले थे। रात को जब पिता ड्यूटी से लौटे तो अमित का शव कमरे में लटका मिला। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच की। पुलिस को दो पन्नों का सुसाइड नोट मिला। जिसमें अमित ने कंपनी के चार अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर आत्महत्या का जिम्मेदार बताया। रायपुरवा थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

# शाखा क्षेत्र के हर परिवार तक सम्पर्क हो: भागवत

## भागवत ने संघ की विचारधारा को प्रचारित करने को कहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 21 मई से कानपुर में प्रशिक्षण वर्ग के तहत स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका समापन 10 जून को होगा। क्षेत्रीय कार्यकर्ता विकास वर्ग में शनिवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे। सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भी इस प्रशिक्षण वर्ग में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे हैं। रविवार सुबह मोहन भागवत ने प्रशिक्षण ले रहे 400 से अधिक स्वयंसेवकों को समाज में संघ की विचारधारा को किस तरह से प्रचारित करना है, इस संबंध में बताया।


संघ प्रमुख मोहन भागवत

उन्होंने कहा कि शाखा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार तक हमारा सम्पर्क होना चाहिए। इसके अलावा आसपास के वातावरण को किस तरह से अनुकूल बनाकर आगे बढ़ना है, सेवा बस्तियों में चल रहीं संघ की गतिविधियों का संचालन करने जैसे तमाम पहलुओं पर चर्चा की। संघ प्रमुख ने शताब्दी वर्ष में संघ शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह-शाम लगने वाली शाखाओं की संख्या बढ़ाने पर जोर देने को कहा। इस कार्य के लिए संघ की सभी प्रांतीय इकाइयों को भी जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए भी उन्होंने पदाधिकारियों से बातचीत की।

- सेवा बस्तियों में चल रहीं संघ की गतिविधियों पर भी चर्चा

### आखिरी दिन होगा संवाद

कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन के मौके पर 9 जून को सभी वर्गों और समाज के लोगों के साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत का संवाद होगा। इसमें अधिवक्ता, समाजसेवी, खिलाड़ी, उद्यमी और कारोबारी रहेंगे। कानपुर प्रांत इकाई की ओर से मेहरबान सिंह का पुरवा में भी एक प्रशिक्षण वर्ग चल रहा है। इसमें आसपास के जिलों के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। संघ प्रमुख के साथ शाखा में प्रचारक अनिल, प्रांत संघ चालक भवानी भीख, प्रांत प्रचारक श्रीराम, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. अनुपम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पदाधिकारियों के साथ 4 बैठकें कीं

भागवत ने प्रवास के पहले दिन संघ पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग 4 बैठकें कीं। उन्होंने शिक्षार्थियों के कार्य क्षेत्र में संचालित हो रहे संघ कार्य, शाखाओं, सेवा कार्य की जानकारी ली। कहा कि संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है। व्यक्ति निर्माण अर्थात परिवार के साथ समाज, राष्ट्र तथा सम्पूर्ण मानवजाति अर्थात विश्व के प्रति भी अपने दायित्व की अनुभूति होनी चाहिए। संघ कहता है कि विश्व एक परिवार है। संघ जैसे-जैसे बड़ा हुआ, वैसे-वैसे उनसे अपना दायरा बढ़ाकर अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में काम विस्तार किया।

# ग्रामीणों व किसानों की समस्याओं पर आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रामीणों एवं किसानों की समस्याओं को हल कराने के लिए कांग्रेस आंदोलन करेगी। कांग्रेसी हर गांव एवं प्रत्येक बूथस्तर तक लोगों से मुलाकात करके समस्याओं को सूचीबद्ध करेंगे, उसके बाद जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन होगा।

रविवार को कांग्रेस जिला मुख्यालय तिलक हॉल में नगर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी जिसमें ग्रामीण कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत पार्टी प्रत्येक ब्लॉक, प्रत्येक गांव, प्रत्येक बूथ तक अपनी पहुंच बनाएगी और जनसमस्याओं के निराकरण के लिए सड़कों से लेकर विभागीय कार्यलयों तक आंदोलन किया जाएगा। पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा ने भी विचार रखे। फ्रंटल एवं विभाग समन्वयन विजय मिश्रा ने कहा कि फ्रंटल संगठनों को सक्रिय करके जनता के बीच पैठ बनाना होगा। संगठन समन्वयक दिनेश सिंह ने ब्लॉक स्तर पर कार्यालय खोलने और घर घर झंडा अभियान को प्रमुखता से चलाने का सुझाव दिया। सतीश दीक्षित, आनंद वर्मा, वीरेंद्र चतुर्वेदी, पूर्व पार्षद सुमन तिवारी, मदन गोपाल राखरा, शक्ति पांडेय, जय शंकर द्विवेदी, केशव पाल, मोहम्मद सलीम, अलकेश शुक्ला, राकेश शुक्ला, देवी प्रसाद निषाद, रमा दुबे, तुफैल अहमद, अमन कटियार, राजीव द्विवेदी, श्याम देव सिंह आदि मौजूद रहे


तिलक हाल में बैठक करते कांग्रेसी नेता। अमृत विचार


विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी देते सांसद रमेश अवस्थी और एमएलसी अरुण पाठक। अमृत विचार

# देवांग व दिव्यांशी को बैडमिंटन ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यूपी स्टेट जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का फाइनल

**अमृत विचार।** यूपी स्टेट जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में रविवार को फाइनल मुकाबला ग्रीनपार्क में खेला गया। जिसमें बालक वर्ग में देवांग तोमर और बालिका वर्ग में दिव्यांशी गौतम ने ट्रॉफी पर कब्जा किया। शहर के दोनों भाइयों शार्दुल व कंदर्प खत्री को अंडर-13 स्टेट अयोध्या में दोहरी सफलता हासिल करने पर कानपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की तरफ से 5100 का पुरस्कार दिया गया।

कानपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से आयोजित फाइनल मैच में अंडर-19 बालक एकल वर्ग में मुरादाबाद के देवांग तोमर ने प्रयागराज के प्रखर तिवारी को 21-10, 21-16 से हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर-19 युगल बालक वर्ग में अभिषेक कुशवाहा व कपिल सलोनिया की जोड़ी ने सीतापुर के निजामुद्दीन व कानपुर के सुमित जायसवाल को 21-17, 21-13 से हराया। अंडर-19 मिश्रित युगल वर्ग में अभिषेक कुशवाह व रिद्धि भारद्वाज की जोड़ी ने जीजीएसएससी के कपिल सलोनियां व गोरखपुर के आदित्य यादव को 21-16, 21-18 से शिकस्त देकर खिताब जीता। अंडर-19 एकल बालिका वर्ग में आगरा की दिव्यांशी गौतम ने मेरठ की रुद्राक्षी राणा को 21-09, 21-14 से हराकर खिताब जीता। अंडर-19 युगल बालिका वर्ग में गोरखपुर की आदित्य यादव व मुरादाबाद की रिधिमा सिंह ने आगरा की पलक यादव व संघमित्र गौतम को 21-11, 21-17 से हराया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी, विशिष्ट अतिथि एमएलसी अरुण पाठक, आरएसओ ग्रीनपार्क भानु प्रसाद, डॉ. मोहित अग्रवाल, डॉ. एके अग्रवाल, मनोज पांडेय व संजीव दीक्षित ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। डीपी सिंह, महीप सक्सेना, हेमंत तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, आशुतोष सत्यम झा, अरुण दबे, केशव द्विवेदी आदि रहे।

# गैरहाजिर कर्मचारियों का वेतन काटा

**कानपुर।** सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी रविवार को सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिठूर पहुंचे, यहां पर उनको स्टाफ नर्स रेखा सीएमओ को अनुपस्थित मिलीं। पूछताछ के दौरान प्रभारी डॉ.गीता संतोष जनक उत्तर नहीं दे सकी, जिसके बाद सीएमओ ने स्टाफ नर्स का एक दिन का मानदेय रोकने का आदेश दिया। इसके बाद उन्होंने ओपीडी रजिस्टर चेक किया। जिसमे सिर्फ एक ही मरीज की एंट्री थी, जिसे देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और अस्पताल की ओपीडी बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इसके बाद सीएमओ साकेत नगर स्थित अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहुंचे, यहां पर डॉ. शेफाली उपस्थिति लगाकर 4 मरीजों की पंजिका में एंट्री करके अनुपस्थित मिलीं। स्टाफ नर्स प्रियंका सचान 6 जून से अनुपस्थित मिली। उनका एक दिन का मानदेय/ वेतन बाधित किया गया है।

# बाबा साहेब की नीतियां बताएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रविवार को समाजवादी बाबा साहेब आंबेडकर वाहिनी के पांचों विधानसभा का महासम्मेलन हुआ, जिसमे 207 विधानसभा चुनाव के संबंध में तैयारी की गई। तय हुआ कि बाबा वाहिनी डॉ. अंबेडकर की नीतियों को लेकर प्रत्येक बूथों पर गोष्ठी करेगी और पीडीए मिशन एक हजार परिवारों को जोड़ेगा।

चमनगंज के हिना मैरिज हाल में रविवार को सपा पदाधिकारियों ने बाबा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पदाधिकारियों से तैयारी के संबंध में जानकारी ली। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बाबा वाहिनी डॉ. अंबेडकर की नीतियों को लेकर चलेगी और हर एक बूथ पर गोष्ठी आयोजित करेगी। पीडीए मिशन अभियान संचालित कर एक हजार परिवारों को सपा में जोड़ा जाए।


सम्मेलन में मौजूद सपा बाबा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती, सपा अध्यक्ष फजल महमूद, शैलेंद्र यादव समेत अन्य। अमृत विचार

- सपा बाबा वाहिनी का पांचों विधानसभा का महासम्मेलन

कहा कि संविधान की रक्षा जरूरी है, तभी लोकतंत्र मजबूत हो सकेगा और प्रदेश में परिवर्तन का संदेश जाएगा।

नगर अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि भाजपा सीमित तानाशाही की ओर बढ़ रही है। सपा संविधान की मजबूती के लिए युवा पीढ़ी व छात्रों को जोड़ेगी। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, शीतला चरण वर्मा, रजत मिश्रा, दीपक खोटे, शादाब आलम, शिवकुमार, उमा देवी, पंकज बाथम, राजेंद्र कोरी, राजेश कठेरिया, वरुण जयसवाल, पार्षद लियाकत अली, राकेश निषाद, प्रीतम बक्शी, पंकज कुमार, जीतू कैथल, शानू खान व मो. नसीम समेत आदि रहे।

# हिंदू साम्राज्य दिवस पर मनाया गया उत्सव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आर्य नगर स्थित परशुराम वाटिका में रविवार सुबह हिंदू साम्राज्य दिवस पर राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम हुआ। वंदे मातरम, भारत माता की जय और देशभक्ति गीतों से परिसर गूंज उठा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अर्जुन शाखा द्वारा आर्य नगर और बेनाझाबर बस्ती में हिन्दवी साम्राज्य दिनोत्सव का आयोजन हुआ। शाखा कार्यवाह महेश मिश्रा के नेतृत्व में हुये कार्यक्रम में आरोग्यधाम के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. हेमंत मोहन ने सहभागिता निभाई। शाखा स्थल पर छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. हेडगेवार के चित्रों पर पुष्पांजलि दी गई। कार्यक्रम में शोभित वाजपेयी, बाबूलाल, सुजीत अवस्थी, दिनेश मिश्रा, मनोज तोमर, संजीव अवस्थी, ज्योति, वीरेंद्र, शैलेन्द्र, समीर शुक्ला, वीणा, चंद्रशेखर, रविशंकर जी, दिनेश, आनंद, विनय, रुद्र, संतोष, राजकुमार, आरएन खन्ना रहे।


परशुराम वाटिका में हिन्दवी साम्राज्य दिनोत्सव मनाया गया। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


राठौर समाज ने नि :शुल्क नेत्र शिविर लगाया। अमृत विचार

### राठौर क्षत्रिय सभा ने की निशुल्क आंखों की जांच

**कानपुर।** मॉलरोड स्थित सोम बिल्डिंग सेंटर फॉर साइट में रविवार को राठौर क्षत्रिय सभा ने आंखों की जांच के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया। वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. मनीषा द्विवेदी ने टीम के साथ आंखों की जांच की, साथ ही जरूरत के अनुसार उनको दवा वितरण की। डॉ. मनीषा ने वर्तमान समय में आंखों के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। इस दौरान समाज के अध्यक्ष सुनील राठौर, डॉ. नीरज राठौर, अखिल राठौर, भोलानाथ, नितिन राठौर, महेंद्र एडवोकेट, अरुण राठौर एडवोकेट व मनोज राठौर आदि रहे।

### दो पालियों में हुई परीक्षा

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर की प्रवेश परीक्षा रविवार को आयोजित हुई। युवाओं ने ऑनलाइन परीक्षा दी। दो पालियों में हुई परीक्षा में परीक्षार्थियों ने सुबह 11 से 12 बजे तक और दूसरी दोपहर 2 से 3 बजे परीक्षा दी। संस्थान की ओर से बताया गया कि प्रवेश परीक्षा में पहली बार अभ्यर्थियों का आधार प्रमाणीकरण करवाया गया। इसका मिलान कॉउंसलिंग के दौरान किया जायेगा। इस परीक्षा के तहत संस्थान में संचालित शर्करा प्रौद्योगिकी, शर्करा अभियांत्रिकी, अल्कोहल प्रौद्योगिकी, गुणवत्ता नियंत्रण, गन्ना उत्पादकता आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा।

### उधार के रुपये मांगने पर पीटा

**कानपुर।** जाजमऊ में उधार के रुपये मांगने पर आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर युवक को मारापीटा। जाजमऊ के सरैयां निवासी मोहम्मद आरिफ उन्नाव की एक टेनरी में काम करता है। आरिफ के अनुसार तीन माह पहले उसने इलाके के एक युवक को दस हजार रुपये दिए थे। उसने एक माह में रुपये लौटाने की बात कही थी, लेकिन नहीं दिया तो पैसे मांगे। इस पर उसने टरकाना शुरू किया। तीन माह बीत जाने पर बीते बुधवार को उसने आरोपी से फिर पैसे मांगे तो वह विवाद करने लगा। अगले दिन गुरुवार को जब वह टेनरी से लौट रहा था तो आरोपी ने साथी के साथ उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने के बाद मारापीटा। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।


राहगीरों को शरबत वितरण करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### ज्येष्ठ माह पर राहगीरों को बांटा शरबत

**कानपुर।** ज्येष्ठ माह पर पवित्र फाउंडेशन ने रविवार को गुरुदेव पैलेस शारदा नगर पर शरबत वितरण किया। जिसमें बड़ी संख्या में राहगीरों ने शरबत पीकर प्यास बुझाई। इसमें मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष लव दीक्षित, संयोजक अजय कुशवाहा, मानस, हर्षित शुक्ला, कुश दीक्षित, अनूप चौरसिया, हिमांशु सिंह, सुंदरम, विभु, तेजस, नेहा श्रीवास्तव एवं समस्त पदाधिकारी रहे।


चमनगंज में लगा टर्र का मेला। अमृत विचार

### बकरीद से मदरसे मालामाल, दूसरे दिन भी कुर्बानी

**कानपुर।** बकरीद पर तमाम लोगों ने कुर्बानी की खाल सौंपने के साथ ही मदरसों को कैश पैसे भी दिए। बकरीद के दूसरे दिन रविवार को चमनगंज में टर्र का मेला लगा जिसमें बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया और इसी बहाने लोग अपने रिश्तेदारों, बिरादरी में पहुंचे और गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में 2 लाख से अधिक छोटे बड़े जानवरों की कुर्बानी दी गई। बताते चलें कि विदेशी व्यापारियों द्वारा खाल की खरीदारी नहीं किये जाने के कारण पूरे देश में खाल की कीमत घट गई है। जो खाल 2 से 3 हजार रुपये में मदरसा संचालक बेचते थे, उनकी कीमत 500 रुपये भी नहीं बची है। मदरसों में शिक्षा ले रहे लाखों बच्चों का पूरा खर्च मदरसे ही उठाते हैं। ऐसे में मदरसा संचालकों का हौसला बढ़ाने के लिए हजारों लोगों ने मदरसों को खाल फ्री दी और मदरसा संचालकों को हजारों रुपये भी दिए।

# कारोबारी के बंगले में नौकर ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्यामनगर में कारोबारी के मकान में रविवार सुबह नौकर का शव फंदे पर लटकता मिला। गार्ड ने शव लटका देखा तो जानकारी मकान मालिक व पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच की। मृतक के बड़े भाई ने जांच की मांग की है।

बिहार के मधुबनी परसौली निवासी विपती मुखिया का 18 वर्षीय बेटा सिकेंदर कुमार दो साल से श्यामनगर में कारोबारी राजेश गुप्ता के यहां काम करता था। सिकेंदर सर्वेंट क्वार्टर में ही रहता था। उसके बड़े भाई राजा ने बताया कि वह रामादेवी में प्राइवेट काम करते हैं। शनिवार रात करीब नौ बजे सिकेंदर से फोन पर कामकाज के बारे में बातचीत हुई थी। रविवार सुबह कमरे में उसका शव रस्सी के सहारे लटका मिला। उन्होंने बताया कि सिकेंदर के दोनों पैर जमीन को छू रहे थे। भाई का आरोप है कि कोई बात होती तो फोन पर वह बताता, लेकिन उसने जाहिर नहीं किया। जांच हो। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि युवक ने आत्महत्या की है।

# सौ वर्ष पुराने तालाब का हुआ सुंदरीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसए की ओर से तालाब के आस-पास किया गया वृक्षारोपण
- तालाब को सुंदर करने के लिए एक चंदन वाटिका भी बनाई गई

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजार कृषि विश्वविद्यालय में मौजूद लगभग सौ वर्ष पुराने तालाब का सुंदरीकरण हुआ। इस दौरान तालाब के आस-पास औषधीय पौधे रोपे गए। तालाब की खूबसूरती बढ़ाने के लिए यहां पर एक चंदन वाटिका का भी निर्माण किया गया। विवि की ओर से पौधो की देखरेख के लिए भी विवि के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तालाब के सुंदरीकरण पर विवि के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने भी पौधरोपण किया। बताया गया कि इस ऐतिहासिक तालाब का जीर्णोद्धार एक गैर सरकारी संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है। इस दौरान चंदन वाटिका का निर्माण कार्य अधिष्ठाता वानिकी प्रो कौशल कुमार की देख रेख में किया गया। वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ कौशल कुमार की ओर से छात्र-छात्राओं के सहयोग से 51 सफेद चंदन के पौधों का रोपण कराकर चंदन वाटिका विकसित किया गया है। कुलपति डॉ. एके सिंह ने बताया कि इस चंदन वाटिका के विकसित होने के बाद छात्र- छात्राएं, कर्मचारी तथा शिक्षक प्रकृति की गोद में विश्राम कर सकेंगे। तालाब के आसपास के शेष भूमि में शोभाकारी पौधों का रोपण उद्यान विज्ञान के अधिष्ठाता डॉ विवेक कुमार त्रिपाठी की ओर से कराया जा रहा है। डॉ. सीमा सोनकर, डॉ. विजय यादव, डॉ सरवेंद्र गुप्ता, प्रो सर्वेश कुमार, प्रो. राम जी गुप्ता, डॉ विनीता सहित अन्य मौजूद रहे।


सीएसए विवि में पौधरोपण किया गया। अमृत विचार

**रायशुमारी** — आरोहम हेप्पीनेस सेंटर में मुस्कुराए कानपुर का टॉक शो

# विकसित शहर में किफायती स्वास्थ्य सेवाएं जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आरोहम हेप्पीनेस सेंटर पर रविवार को मुस्कुराए कानपुर की ओर से टॉक शो आयोजित हुआ। इस दौरान एक विकसित शहर में स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि विकसित शहर में किफायती स्वास्थ्य सेवाओं का होना बेहद जरूरी है। इसके लिए भी कदम उठाना जरूरी है।

टॉक शो की शुरुआत एडीएम सिटी राजेश कुमार ने की। मुख्य समन्वयक डॉ सिधांशु राय ने कहा कि शहर को विकसित बनाने में अच्छी एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं होना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कानपुर हेल्थ कमेटी बनाई जाएगी जो स्वास्थ्य सेवाओं पर अपने सुझाव देगी। इस दौरान अध्यक्ष डॉ उमेश पालीवाल ने कहा कि सुगम स्वास्थ्य सेवाएं व्यक्ति को मानसिक सुकून देती हैं। नेत्र चिकित्सक डॉ शरद बाजपेई ने कहा समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी हो। कार्डियोलॉजी के डॉ नीरज कुमार ने हार्ट अटैक की समस्या पर जागरूकता को सबसे अहम बताया, उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से राम किट रखने को कहा। आईएमए के डॉ अनुराग मेहरोत्रा ने पीपीपी मॉडल की भी उपयोगिता बताई। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रो शालिनी मोहन ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर विश्वास जताने को कहा। नेचुरोपैथिस्ट डॉ अमरनाथ कश्यप ने कानपुर के हर वार्ड में स्वस्थ रहने के लिए जागरूकता कार्यक्रम की रणनीति बनाने पर जोर दिया। वरिष्ठ मेडिकल ऑफिसर केपीएम हॉस्पिटल डॉ पंकजा पांडे ने होम्योपैथी को एक कारगर थेरेपी बताते हुए ज्यादा से ज्यादा हेल्थ कैंप लगाने पर जोर दिया। आयुर्वेदाचार्य डॉ मनीष यादव ने पंचकर्म का विशेष महत्व बताया। रीजेंसी हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक्स सर्जन डॉ आदित्य अग्रवाल ने सुपर स्पेशलिटी सेवाओं को शहर की मुख्य जरूरत बताया। गुरुनानक हॉस्पिटल चेयरमैन गुरशरण सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। डॉ नरेंद्र पांडे एवं डॉ अमित मिश्रा ने फिजियोथैरेपी को अल्टरनेटिव थेरेपी कहा। विशेष अतिथि राजेश कुमार राजेश ग्रोवर, डॉ कामायनी शर्मा, अनुराधा सिंह, बृजेश शर्मा डॉ. कविता अरोड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।


टॉक शो में डॉ. हेमंत मोहन को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

# स्लीपर कोचों में भी लिक्विड सोप डिस्पेंसर

**कानपुर।** भारतीय रेलवे बोर्ड ने स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए निर्देश जारी किए हैं कि ट्रेनों के स्लीपर कोच यानि नॉन एसी कोचों में भी एसी डिब्बों की तर्ज पर लिक्विड हैंडवाश की व्यवस्था की जाए। जिन गाड़ियों के सफाई व्यवस्था निजी हाथों में है, सबसे पहले उन्हीं एजेंसियों को ये जिम्मेदारी सौंपी जाएगा। एजेंसी के कर्मियों की जिम्मेदारी होगी कि हर स्टेशन पर हैंडवाश को चेक करते रहें और खत्म होने पर हैंडवाश को सिस्टम में भरें। रेलवे बोर्ड ने निर्देश जारी किए हैं कि ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस वाली सभी ट्रेनों में स्लीपर डिब्बों में भी लिक्विड हैंडवॉश अनिवार्य की जाए। स्लीपर कोच में लिक्विड हैंड वॉश डिस्पेंसर लगाए जाएं। अब तक एसी डिब्बों में ही लिक्विड सोप डिस्पेंसर की व्यवस्था होती है।

# रोजगार मेले में नौकरी छोड़ने में शहरी युवा आ रहे अव्वल

## सेवायोजन विभाग के वार्षिक आंकड़ों में सामने आई बात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कम वेतन, शहर का मोह और मनपसंद नौकरी बन रही वजह

**45** रोजगार मेलों में 6,715 युवाओं को रोजगार मिला

**15** फीसदी युवा नौकरी करने से मना कर कर देते हैं

**अमृत विचार।** शहर के युवा रोजगार मेले में नौकरी छोड़ने में आस-पास के जिलों में अव्वल हैं। यह तथ्य विभाग के वार्षिक आंकड़ों से स्पष्ट हुआ है। अधिकारियों के अनुसार शहर में रोजगार मेलों में कुल शामिल होने वाले लगभग 15 फीसदी युवा नौकरी करने से मना कर कर देते हैं। युवाओं के नौकरी न करने के सबसे मुख्य कारण कम वेतन, शहर से बाहर न जाना और मनपसंद नौकरी न होना है।

सेवायोजन विभाग की ओर से पिछले वित्तीय वर्षों में 45 रोजगार मेलों के जरिए 6,715 युवाओं को रोजगार मिला था। अधिकारियों की माने तो मेले में लगभग 15 फीसदी युवा चुने जाने के बाद भी नौकरी ज्वाइन करने से ही इनकार देते हैं। वे निजी कंपनियों के पैनल के समक्ष तय सीमा से अधिक वेतन और पद पर समझौता नहीं करते। इसके अलावा इन युवाओं में ऐसे युवा भी शामिल हैं जिन्होंने ऐन मौके पर शहर से बाहर जाने से मना कर दिया। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि मेलों में जब यह जानकारी हुई कि युवा साक्षात्कार के दौरान ही नौकरी करने से मना कर रहे हैं तो ऐसे विभाग की ओर से काउंसिलिंग शुरू की गई है। यह काउंसिलिंग विशेषज्ञों की ओर से हर मेलों में कराई जाती है। काउसिलिंग के बाद युवाओं का साक्षात्कार के समय नौकरी करने से मना कर देने की प्रवत्ती में कमी आई है। इस वित्तीय वर्ष इसे और अधिक कम किए जाने का प्रयास किया जाएगा।



### फ्रेशर में अधिक प्रवृत्ति

साक्षात्कार के दौरान यह प्रवृत्ति फ्रेशर युवाओं में अधिक रही। इस पर अधिकारियों का मानना है कि ऐसे युवा जो अपनी पहली नौकरी करना चाहते हैं वह उनके लिए ड्रीम जॉब होती है। अधिकारियों ने बताया कि कई युवा अपने मित्रों के दबाव में होते हैं। ऐसे में दबाव में आकर भी युवा नौकरी को मना कर देते हैं।

**रोजगार की स्थिति**

| कार्यालय | नौकरी छोड़ने वाले युवा |
|---|---|
| कानपुर | 15% |
| कानपुर देहात | 8% |
| औरैया | 10% |
| इटावा | 9% |
| कन्नौज | 10 |

## डेढ़ किलो चरस के साथ अधेड़ को किया गिरफ्तार

**घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र में चरस बेच रहे अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से डेढ़ किलो चरस बरामद हुई है।

साढ़ थाना प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि जानकारी मिली थी कि अमौर गांव निवासी संतोष सिंह पुत्र रज्जू उम्र लगभग 58 वर्ष क्षेत्र में चरस बेचने का कार्य करता है। जानकारी मिलने पर उन्होंने इसको पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच और स्वाट टीम सहित साढ़ पुलिस की विशेष टीम को लगाया था। रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त व्यक्ति साढ़ सरसौल मार्ग पर खड़ा है। सूचना मिलते ही सभी टीमें मौके पर पहुंची और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। उसकी तलाशी लेने पर दसके पास से डेढ़ किलो चरस बरामद हुई। उन्होंने बताया कि बरामद की गई चरस की कीमत लगभग ढाई लाख रुपये है। उसे गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया गया है।




कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क का लोकार्पण करतीं विधायक सरोज कुरील। अमृत विचार

# विधायक ने आधा दर्जन गांवों में सड़कों का किया लोकार्पण

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि से विकास कार्यों का लोकार्पण रविवार को विधायक सरोज कुरील के द्वारा कराया गया।

रविवार को क्षेत्रीय विधायक सरोज कुरील ने आधा दर्जन गांवों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। ग्राम मुगुलपुर, ब्लॉक पतारा में धर्मेंद्र राजपूत के घर से गगन सचान के मंदिर तक सीसी रोड निर्माण, ग्राम कछुआइनपुर, ब्लॉक पतारा दिनेश सिंह के घर से अशोक सिंह के घर तक सीसी रोड निर्माण, ग्राम हथेई, ब्लॉक पतारा प्राइमरी स्कूल से परशुराम संखवार के दरवाजे तक नाली व सीसी रोड निर्माण, ग्राम हथेई, ब्लॉक पतारा के खेमकली मंदिर से साधन सरकारी तक सीसी रोड निर्माण, ग्राम केवड़िया, ब्लॉक पतारा भगवती शुक्ला के घर से छूट्टा बाजपेयी के घर तक सीसी रोड का लोकापर्ण किया गया। इन सभी विकास कार्यों के लोकार्पण अवसर पर क्षेत्रीय जनता ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक सरोज कुरील की सराहना की। इस दौरान। सरोज कुरील ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु वह सदैव तत्पर हैं। और आगे भी इसी प्रकार जनहित में कार्य करती रहेंगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी सहित लोग मौजूद रहे।

# सपा प्रतिनिधिमंडल ने खासपुर गांव पहुंचकर पीड़ित से की मुलाकात

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर ब्लॉक के खासपुर गांव में पूर्व प्रधान अशोक कटियार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में अब तक दोषियों की गिरफ्तारी न होने से गांव में तनाव का माहौल है। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों का आरोप है कि हमलावरों को भाजपा नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते पुलिस कार्रवाई में ढिलाई बरत रही है। इसी के मद्देनजर इस मामले में निष्पक्ष जांच पड़ताल कराने की आवाज बुलंद करने और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिये सपा प्रतिनिधि मंडल भी पीड़ित के घर पहुंचा।

रविवार को समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में खासपुर गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और घटना स्थल का निरीक्षण कर सभी विवादों से संबंधित एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। पार्टी का कहना है कि यह रिपोर्ट उच्चाधिकारियों तक पहुंचाकर पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सांसद राजाराम पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष निर्भय सिंह यादव, जिला महासचिव जितेंद्र कटियार, जिला उपाध्यक्ष श्यामसुंदर यादव, शाहीर हुसैन जाफरी, विकास कटियार, जिला सचिव प्रदीप यादव, अजीत यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष अर्चना रावल, सुनीता वर्मा, प्रदेश महासचिव महिला सभा पटेल नीता सचान, प्रदेश सचिव युवजन सभा आशीष यादव 'चटरु', प्रदेश सचिव अनिल कटियार, जिला पंचायत सदस्य मुरारीलाल पाल, कार्तिकेय शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष शिवराजपुर शैलेन्द्र यादव, ककवन भारत सिंह यादव कई प्रमुख नेता शामिल थे। समाजवादी पार्टी ने इस घटना को लेकर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं और जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



पीड़ित से मिलते सपा प्रतिनिधि मंडल के सदस्य। अमृत विचार

# 36 घंटे बाद भी चोरों का नहीं लगा सुराग

संवाददाता, चौबेपुर

- कस्बे के कन्हैया विहार में शुक्रवार की रात चोरों ने वारदात को दिया था अंजाम

**अमृत विचार ।** कस्बे के कन्हैया विहार में शुक्रवार रात हुई 30 लाख की चोरी की घटना में पुलिस अभी तक किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। घटना को 36 घंटे बीत जाने के बावजूद चोरों का कोई सुराग न लग पाने से लोगों में रोष बढ़ने लगा है।

मालूम हो कि क्षेत्र के डिंगरापुर गांव निवासी राजेश यादव क्षेत्र स्थित एक डिटर्जेंट फैक्ट्री में ठेकेदारी का काम करते हैं। कुछ वर्ष पहले उन्होंने कस्बे के कन्हैया बिहार ( नई बस्ती ) में नया मकान बनवाया है। जहां वह अपनी पत्नी आशा व तीन छोटे-छोटे बच्चों के साथ रहते हैं। इधर शुक्रवार को वह कार्यवश अपने परिवार के साथ डिंगरापुर गांव गए थे। तभी सूना घर पाकर चोरों ने उनके घर में वारदात कर दी। खिड़की का कांच तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने नकदी व सोने चांदी के जेवरात समेत करीब 30 लाख का माल पार कर दिया था। सुबह घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के साथ आसपास तमाम छानबीन कराई थी।दूर दराज लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली, लेकिन चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लग सका। वही संदेह के आधार पर मोहल्ले के ही एक युवक को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था।

इधर शनिवार सुबह भी घटना की तफ्तीश के लिए पुलिस पीड़ित के घर पहुंची और गृहस्वामी से जानकारी हासिल की। जहां गृहस्वामी राजेश ने चोरों के बाबत अनिभिज्ञता जताई।वहीं इस संबंध में जानकारी पर प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि घटना मे संलिप्त चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही घटना का पर्दाफाश हो जाएगा।

## कोरिया चौकी इंचार्ज ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**घाटमपुर।** सजेती थाना के कोरिया चौकी अंतर्गत परास बरिपाल मार्ग कोरिया चौराहे पर एक काले रंग का बैग कोरिया पुलिस को पड़ा मिला जिसमें कुछ रुपये थे। पुलिस ने उसके मालिक की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला।

जानकारी मिलने पर कोरिया चौकी इंचार्ज संजीव राजपूत उपनिरीक्षक कमल किशोर राय ने बैग के मालिक के बारे जब काफी खोज बिन की तो उन्हें पता चला कि यह बैग विनोद कुमार ग्राम बावन निवासी का है। वे शादी से वापस लौट रहे थे तब उनका बैग कोरिया मोड़ पर गिर गया था। कोरिया चौकी इंचार्ज संजीव राजपूत व उपनिरीक्षक कमल किशोर राय ने विनोद कुमार को उनका बैग सौंप दिया। बैग मिलते ही उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई और वे कोरिया पुलिस की भूरि भूरि प्रंशसा करते हुए अपने गंतव्य को चले गये। वहीं आस पास मौजूद जिसे भी घटना के बारे में पता चला वहीं कोरिया चौकी इंर्चाज संजीव राजपूत की सराहना व प्रशंसा करते देखा गया।



धू धूकर जलता ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

## कूड़े में लगी आग से जला ट्रांसफार्मर

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंधना बाजार के निकट स्थित कूड़े के ढेर में किसी अराजकतत्व ने आग लगा दी। इसकी चपेट में एक 400 केवीए का ट्रांसफार्मर भी आ गया और देखते ही देखते ट्रांसफार्मर जल गया। साथ ही ट्रांसफार्मर से कनेक्टेड केबल भी जल गईं जिसकी वजह से विद्युत आपूर्ति कई घंटों के लिए बाधित हो गईं। राहगीरों के द्वारा दी गई सूचना के 40 मिनट बाद पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्क़त के बाद काबू पाया। बिजली विभाग के टीजी टू विशाल चतुर्वेदी के द्वारा अज्ञात युवक के द्वारा आग लगाकर विद्युत विभाग की सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने के लिए तहरीर दी गई है।

# सिख अल्पसंख्यक आयोग बने, पांच सीटें रिजर्व करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी पर्व पर लाखों की भीड़ जुटाने की कवायद
- श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के चेयरमैन आज दिल्ली वार्ता करने जाएंगे

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग का गठन कई दशकों से है लेकिन इस आयोग से सिख समुदाय का भला नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश में सिखों की आबादी 50 लाख से भी अधिक है, लिहाजा यूपी में सिखों के लिए अलग से आयोग गठित हो। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश विधानसभा में 3 एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद में 2 सीटें सिखों के लिए रिजर्व की जाएं। श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के चेयरमैन पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप ने रविवार को दिल्ली रवाना होने से पूर्व ये मांगें उठाईं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित अन्य सिख संगठनों से वार्ता करके सिख समुदाय को एक प्लेटफार्म पर लाया जाएगा। सिख समाज में ज्यादातर ड्राइवर, अशिक्षित, छोटे छोटे कारोबार करने वाले लोग हैं लेकिन सरकार की योजनाओं का लाभ इन गरीब सिखों को नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया कि श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर की ओर से 23, 24 व 24 नवंबर 2025 को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 वें शहीदी दिवस को समर्पित कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर बनाया जाएगा जिसमें देशभर के सिख समुदाय के लोग लाखों की संख्या में कानपुर आएंगे।

### 7 नवंबर से तीन दिवसीय यात्रा

श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष जसवीन कौर ने कहा कि भारतीय संस्कृति की पहचान तिलक और जनेऊ की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर साहिब ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारतीय संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने बताया कि 7 नवंबर से तीन दिवसीय यात्रा कराई जाएगी। कानपुर से 25 बसों से सिख समाज के लोगों को आगरा होते हुए शीशगंज गुरुद्वारा दिल्ली तक दर्शन कराने के लिए ले जाया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को मुफ्त खाना, पीना, रहना, एसी बस में ले जाया जाएगा।

## पुलिस ने रुकवाई नाबालिगों की शादी

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग दो बहनों की शादी पुलिस और चाइल्डलाइन की तत्परता से रुक गई। पुलिस पहुंची तो बाराती भाग खड़े हुए। एक अन्य जगह पर भी नाबालिग की शादी को रोक दिया गया।

जानकारी के मुताबिक बीते दिन रैपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक ही घर के दो सगे भाइयों के साथ दो बहनों की शादी हो रही थी। दोनों नाबालिग थीं। बताते हैं कि दुल्हनों को विदा कराने के लिए बाराती धूमधाम से बारात लेकर गांव पहुंचे। जनवासे में नाश्ता पानी हुआ और बारात कन्या पक्ष के दरवाजे पहुंची। इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। इस पर पुलिस और चाइल्ड लाइन टीम मौके पर पहुंच गई। टीम शादी रुकवाकर दुल्हन बनीं दोनों नाबालिगों और पिता को वन स्टाप सेंटर ले गई।

# ब्राह्मणों को छोड़ना होगा राजनीतिक दलों का मोह

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** दर्शनपुरवा में रविवार को सर्व ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पं.कमल किशोर अवस्थी ने कहा कि ब्राह्मण देश का सदैव नेतृत्व करता रहा है, लेकिन आज राजनैतिक क्षेत्र में पिछड़ता जा रहा है।

चुनाव आने पर हर राजनैतिक दल ब्राह्मणों का हितैषी बन कर वोट मांगता है और चुनाव के बाद ब्राह्मणों से दूरी बना लेता है। फिर ब्राह्मण हित की बात तक नहीं करता है। इस कारण ब्राह्मण पिछड़ता जा रहा है। कहा कि ब्राह्मणों को राजनैतिक दलों का मोह छोड़ना होगा। कहा कि ब्राह्मण चिकित्सक सम्मेलन प्रत्येक मंडल व ब्राह्मण सम्मेलन प्रदेश के हर जिले में आयोजित किये जायेंगे। पहला ब्राह्मण महिला सम्मेलन 13 जुलाई को होगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पं.कौशल किशोर अवस्थी, संजय अवस्थी, अंजलि तिवारी, शशि शुक्ला, सुरुचि पाण्डेय, निधि पाण्डेय, शुभ्रा अवस्थी, प्रीति अवस्थी, रेनू बाजपेयी, शिप्रा मिश्रा व साधना द्विवेदी समेत आदि रहे।




मौजूद लोगों को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

## गैराज का ताला तोड़ते चोर गिरफ्तार

**हमीरपुर।** कस्बे में अभी सराफा व्यवसायी के घर हुई लूटा का पूरी तरह से पर्दाफाश भी नहीं हुआ था कि सोमवार की सुबह दो चोरों ने दिनदहाड़े एक गैराज का ताला तोड़ने का प्रयास किया। राहगीरों ने जब ताला टूटते हुए देखा तो आरोपी एक युवक को पकड़ लिया। गैराज मालिक ने पुलिस को सूचना दी है। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी ब्रजेंद्र कुमार ने बताया कि जीआरवी स्कूल के सामने उनका काव्या मोटर्स के नाम चार पहिया गाड़ियों का गैराज है। रविवार की सुबह करीब पौने आठ बजे दो अज्ञात युवक उसके गैराज का ताला तोड़ रहे थे। इसी दौरान राहगीरों ने जब ताला टूटते हुए देखा तो आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान एक आरोपी भागने में सफल रहा। जबकि दूसरे को पकड़ लिया।

**उफ ! ये गर्मी** — उमस भरी गर्मी में बिजली बगैर पसीना-पसीना हुए लोग, जरूरी काम वाले लोग ही घरों से निकले

# सूरज ने दिखाये तेवर तो लोगों का हुआ हाल-बेहाल

संवाददाता,चौबेपुर

**अमृत विचार।** गर्मी का प्रकोप एक बार फिर से तेजी से बढ़ रहा है। रविवार सुबह से ही आग बरसाती सूरज की किरणों ने लोगों को गर्मी से बेहाल कर दिया। वहीं इस भीषण गर्मी के दौरान बिजली की जबरदस्त कटौती कोढ़ में खाज का काम कर रही है। बिजली के बार बार आने जाने व अघोषित कटौती से लोगों का बुरा हाल है। वहीं दोपहर होते ही बाजारों में सन्नाटा नजर आने लगा।

बीते हफ्ते आई तेज आंधी व पानी के बाद मौसम में हुए बदलाव से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी। लेकिन इधर विगत दो दिनों से तापमान में फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई है। रविवार को सुबह से ही सूरज की तल्खी ने लोगों को घरों के अंदर रहने के लिए विवश कर दिया। रविवार अवकाश का दिन होने से ज्यादातर लोग घरों से बाहर नहीं निकले। मजबूरीवश बाहर निकले लोग भी सिर व चेहरे को अंगौछा अथवा दुपट्टे से ढके रहे। दोपहर 12 बजते- बजते जीटी रोड समेत बंदी माता मार्ग व बेला मार्ग पर सन्नाटा पसरा नजर आया। तन झुलसाने वाली धूप की तपिश से बचाव के लिए राहगीर पेड़ों की छांव का सहारा लेते देखे।

दूसरी ओर उमस भरी भीषण गर्मी के दौरान बिजली की अंधाधुंध कटौती ने लोगों को परेशान कर दिया। दोपहर करीब 11:30 बजे से बंद हुई आपूर्ति शाम 6:30 बजे बहाल हो सकी। तापमान 41 डिग्री पहुंच जाने व विद्युत आपूर्ति में इस कदर कटौती से लोगों का गर्मी से हाल बेहाल बना रहा। ठेलिया दुकानदार छांव की तलाश में इधर से उधर भटकते रहे। प्यास बुझाने के लिए हैंडपंपों पर भी लोगों की भीड़ लगी रही। मौसम के इस मिजाज से शीतल पेय पदार्थों की जबरदस्त मांग बनी हुई है।



गर्मी के चलते बाजार में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार


# मोटर जलने से 5 गांवों की जलापूर्ति ठप

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के भीतरगांव विकासखंड के कस्बा साढ़ सहित आस पास गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए जलजीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी सफेद हाथी साबित हो रही है। एक ओर ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे वही बेजुबान मवेशियों के लिए भी पानी की भारी किल्लत है लेकिन जिम्मेदार मामले में अनजान बने हुए है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

करीब पांच वर्ष पूर्व कस्बा साढ़ में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण किया गया था उद्देश्य था कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक घर तक नल से पानी पहुंचना था योजना के तहत गांवों में पानी की आपूर्ति के लिए ओवरहेड टैंक पाइप लाइन और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं, जिसका संचालन ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्त केयरटेकर द्वारा किया जाता है। बताया जाता है कि पानी टंकी से कस्बा साढ़ सहित महनीपुर, मिर्जापुर, मनियापुर तथा तिवारीपुर आदि गांवों में जलापूर्ति होती है करीब एक माह पूर्व मोटर फुंकने से जलापूर्ति पूरी तरह ठप है जिससे लोगों के सामने पेयजल संकट गहराता जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि जलापूर्ति न होने से सबसे बड़ी समस्या मवेशियों के चारा पानी की है, जिसकी जानकारी कई बार जिम्मेदारों को दी गई लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है मामले में पंचायत सचिव केके पाल ने एकबारगी तो ग्रामीणों द्वारा पैसा न दिए जाने के चलते आपूर्ति न होने की बात कही जब उन्हें मोटर जलने के बाबत जानकारी दी गई तो कहा जानकारी नहीं है पता कर शीघ्र समस्या का निस्तारण किया जाएगा।



इसी पानी की टंकी की फुंक गई मोटर।

## एक नजर

### ऐतिहासिक शुक्ल तालाब के आसपास अतिक्रमण

**कानपुर देहात।** नगर पंचायत अकबरपुर के आंबेडकर नगर वार्ड में ऐतिहासिक शुक्ल तालाब के बाहर दुकानों का अतिक्रमण होता जा रहा है, जबकि शुक्ल तालाब के दूसरी तरफ कोतवाली है और पूरे दिन पुलिस कर्मियों की आवाजाही होती है। साथ ही इसी रास्ते से पोस्टमार्टम हाउस, मंडी समिति, बिजली घर, साइबर क्राइम थाना, पानी टंकी, वन रेंज कार्यालय समेत कई गांव स्थित है। ऐसे में दुकानों के अतिक्रमण से लोगों का आवागमन दुश्वार होता है।

### दंपति से मारपीट करने में पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**पुखरायां।** भोगनीपुर क्षेत्र के दुर्गादासपुर गांव की रजनी ने तहरीर में बताया कि वह खेत जा रही थी, तभी गांव के सनी ने उसके साथ गालीगलौज शुरू कर दी। उसने विरोध किया तो सनी ने अपने भाई शिवम, विवेक, पिता इंद्रजीत व मां श्यामा को बुलाकर मारपीट की। बचाव करने में पति के साथ भी मारपीट की और धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# 42.5 डिग्री पहुंचा तापमान, आसमान से बरसी आग

- अभी अगले पांच दिनों तक साफ रहेगा आसमान
- तापमान बढ़ने से लोगों को बेहाल करेगी तपिश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


भीषण गर्मी में ठेले पर गन्ने के रस से प्यास बुझाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विगत एक माह से पड़ रही भीषण गर्मी से लोग बेहाल नजर आ रहे हैं। रविवार को जिले का तापमान एक बार फिर करीब 42.5 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग की मानें तो अभी चार से पांच दिन और पारा चढ़ने का अनुमान है, जिससे गर्मी लोगों को और रुलाएगी।

जिले में गर्मी का सितम कम नहीं हो रहा है। यूं कहें तो भीषण गर्मी के प्रकोप से हर तबका बेहाल है। रविवार को शनिवार से करीब पौने दो डिग्री तापमान अधिक आंका गया। सुबह से तेज धूप के चलते तापमान बढ़ने लगा और भीषण गर्मी का अहसास होने लगा। सूरज चढ़ने के साथ ही सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिला। रविवार को सूरज की तपिश आग बनकर बरसी। जिससे अधिक तापमान करीब 42.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 27.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दोपहर में लू के थपेड़ों ने लोगों को छांव ढूंढने पर मजबूर कर दिया। गांव की सड़कों से लेकर हाईवे में भी सन्नाटा पसरा रहा। अधिकांश चालक अपने वाहनों को सड़क किनारे पेड़ों की छांव, ढाबों आदि पर खड़ा का दुबके नजर आए। शाम पांच बजे धूप कम होने पर सड़क व बाजारों में चहल-पहल हुई। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन आसमान साफ रहने के आसार हैं। जिससे गर्मी में और इजाफा होगा।

### बिजली की ट्रिपिंग से बेहाल रहे अकबरपुर के वाशिंदे

रविवार को अकबरपुर नगर पंचायत में रोस्टर के अनुसार सुबह 6:30 बजे बिजली जाने के बाद करीब आठ बजे आपूर्ति बहाल हुई। इसके बाद चंद मिनट में पावर कम और फिर तेज आने से आंबेडकर नगर वार्ड के घरों में कई विद्युत उपकरण जल गए। यह सिलसिल करीब 11 बजे तक चलता है। ऐसे में लोगों ने घरों में उपकरण बंद करने में ही भलाई समझी। बिजली जाने के बाद दोबारा आने पर समुचित सप्लाई बहाल हो सकी।

### भीषण गर्मी में हार्ट अटैक की संभावना अधिक

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य सचान ने बताया कि हीटवेव में तापमान अधिक होने के कारण लोगों को त्वचा संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं और त्वचा काली पड़ जाती है। इसके अलावा गर्मियों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाने से हार्ट अटैक की भी संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए दोपहर के समय लोगों को घर से निकलने में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। गर्मी के इस मौसम में बचाव ही सबसे कारगर उपाय है।

### तापमान बढ़ने से पेड़-पौधों पर भी असर

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि लगातार तापमान 40 डिग्री से अधिक रहने का सीधा असर पेड़-पौधों पर भी पड़ता है। इससे पौधों के अंदर मौजूद प्रोटोप्लाज्मा सूख जाएगा और पौधों के विकास पर असर होगा। नीम और तुलसी जैसे कई पौधों की पत्तियां मुरझा जाती हैं और वह प्रकाश संश्लेषण नहीं कर पाती हैं। जिससे पौधे अपना भोजन नहीं बना पाते और जल्दी सूख जाते हैं। बरगद, पीपल व पाकड़ जैसे पौधों की छाल मोटी होती है। उसमे द्रव्य होता है, इसलिए उनपर अधिक तापमान का ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।

# जायद में मोजेक रोग से बचाव को निगरानी करें

- जिला कृषि अधिकारी ने जिले के किसानों को दी सलाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जायद की फसलों में पीला मोजेक रोग से बचाव के लिए किसान लगातार निगरानी करें। किसी भी तरह का लक्षण दिखे तो तत्काल दवाइयों का छिड़काव करें।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जायद की मूंग, उड़द की फराहा में पीला चित्तवर्ण रोग (पीला मोजेक) का प्रकोप हो सकता है। पीला मोजेक दिखाई देने पर नियंत्रण के लिए फसल में डाईमिथोएट 30 प्रति ईसी की एक लीटर मात्रा अथवा ईमीडाक्लोप्रिड 17.8 प्रति एसएल की 250 से 300 एमएल छिड़काव करें। फंफूदी नाशक रसायन कार्बेडाजिग 12 प्रतिशत व मंकोजेब 639 प्रतिशत एक किलोग्राम मात्रा को 500-600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टयेर में छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि खरीफ फसलों की बुआई का समय आने वाला है। किसान मई-जून में खेत की गहरी जुताई करें। रबी फसलों की कटाई के बाद डंठल न जलाएं। बल्कि जुताई कर इसे भूमि में मिला दें। रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई आगामी खरीफ फसल के लिए अनेक प्रकार से लाभकारी होती है। मृदा की जलधारण क्षमता बढ़ती है, जो फसलों की बढ़वार के लिए उपयोगी होती है। मृदा के अंदर छिपे हुए हानिकारक कीड़े-मकोड़े, उनके अंडे, लार्वा, प्यूपा एवं खरपतवारों के बीज नष्ट हो जाते हैं। जमीन में वायु संचार बढ़ जाता है, जो लाभकारी सूक्ष्म जीवों के वृद्धि एवं विकास में सहायक होता है।

# चेन लुटेरे से मुठभेड़, पैर में लगी गोली

## घायल लुटेरा सीएचसी से अकबरपुर मेडिकल कॉलेज रेफर, पड़ोसी से रूरा आने के लिए मांगी थी बाइक

- लूट में शामिल बाल अपचारी ने किया आत्म समर्पण
- रूरा के रामनगर मोहल्ले में 5 जून को हुई थी चेन स्नेचिंग

संवाददाता, रूरा


मुठभेड़ में गोली लगने से घायल लुटेरे को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के रामनगर में तीन दिन पहले बुजुर्ग से चेन लूटने वाले लुटेरे से रविवार को पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पैर पर गोली लगने से लुटेरा घायल हो गया। उसे सीएचसी से अकबरपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। लूट में शामिल दूसरे बाल अपचारी ने पुलिस के सामने आत्म समर्पण कर दिया। एसपी ने मामले की छानबीन की।

रूरा कस्बे के रामनगर निवासी बालिस्टर सिंह चौहान 5 जून की दोपहर घर के बाहर सीढ़ियों पर बैठे मोबाइल देख रहे थे, तभी लाल रंग की बाइक सवार दो लुटेरे उनके पास पहुंचे और गले में पड़ी सोने की चेन छीनकर फरार हो गए थे। दोनों लुटेरे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद बाइक नंबर के आधार पर छानबीन शुरू की थी। छानबीन में यह बाइक डेरापुर थाना क्षेत्र के रतनियापुर ईंट भट्ठे के मुनीम अजय के प्रयोग करने की बात सामने आई।

पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो पता चला कि मुनीम अजय सिंह के नाती विनय प्रताप सिंह से उसका पड़ोसी अंकित सिंह चौहान निवासी नोनारी थाना डेरापुर और अशरफ निवासी खल्ला थाना डेरापुर यह कहकर ले गए थे कि रूरा तक जाना है। इसी बाइक से दोनों ने चेन स्नेचिंग की वारदात की। पुलिस का कहना है कि शनिवार की रात दोनों लुटेरे बाइक से सराय गढ़ेवा अंडरपास की तरफ जा रहे थे, तभी सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की। दोनों ने पुलिस पर तमंचे से फायर किया, जिसके जवाब में पुलिस ने फायरिंग की। पैर में गोली लगने से अंकित सिंह चौहान घायल हो गया, जिसे पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया, जहां से अकबरपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। दूसरे बाल अपचारी ने आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस ने इनके पास से तमंचा, कारतूस, खोखा, नकदी आदि बरामद की है। रूरा थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि घटना में वांछित ध्रुवराज सिंह और सिंटू यादव की तलाश की जा रही है।

### पड़ोसियों ने रची थी लूट की साजिश, दोनों फरार

पुलिस की पूछताछ में दोनों लुटेरों ने बताया कि लूट की साजिश रामनगर के ही ध्रुवराज सिंह व सिंटू यादव ने रची थी। दोनों बालिस्टर सिंह के पड़ोसी हैं। ध्रुवराज व सिंटू यादव ने मुखबिरी की और अंकित सिंह व अशरफ को चेन लूट के लिए राजी किया। इस दौरान ध्रुवराज व सिंटू दोनों को पल-पल की जानकारी दे रहे थे। लूट के बाद ध्रुवराज अपनी कार से सिंटू के साथ उनसे तिगाईं में मिला। उसने लूटी गई चेन ले ली और बदले में अंकित को 15 हजार रुपये और अशरफ को 13 हजार नकद देने के साथ यूपीआई से 2 हजार रुपये ट्रांसफर किए थे। इसके बाद ध्रुवराज व सिंटू सुबह से देर शाम तक पुलिस की हर गतिविधि की जानकारी देते रहे। गिरफ्तारी से बचने के लिए अंकित और अशरफ आगरा भाग गए थे।

### पुलिस टीम पर जानलेवा हमले का भी मुकदमा दर्ज

सराय गढ़ेवा अंडरपास के समीप पुलिस टीम पर लुटेरों ने जानलेवा हमला किया। आरोपियों की एक गोली थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह के कान से छूकर निकल गई। थाना प्रभारी ने आरोपियों पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# कोर्ट से बेदखली का आदेश, मगर तालाब से नहीं हटा अवैध कब्जा

- तहसीलदार कोर्ट ने 29 मई 2024 को दिया था आदेश
- प्रधान की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम को सौंपी जांच

संवाददाता, रूरा


बेनीगांव के तालाब में बना मकान।

**अमृत विचार।** बनीपारा जिनई गांव के मजरा बेनीगांव स्थित तालाब की भूमि पर बेदखली के आदेश होने के एक वर्ष बाद भी तहसील प्रशासन अवैध कब्जा नहीं हटवा सका है। ऐसे में तालाब खुदाई का काम भी प्रभावित है। ग्राम प्रधान ने शिकायती पत्र देकर तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। डीएम ने एसडीएम डेरापुर को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

डेरापुर तहसील क्षेत्र के बनीपारा जिनई के ग्राम प्रधान चंद्रभान ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि शासन द्वारा संचालित जल संचयन योजना से तालाबों के खुदाई कराये जाने का निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत उनके गांव की गाटा संख्या 326 के रकबा 0.80 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में तालाब के नाम दर्ज है। इसे तालाब खुदाई के लिए चिंहित किया गया है, लेकिन ग्राम पंचायत के मजरा बेनीगांव स्थित उक्त तालाब में नूरुद्दीन ने पिछले कई वर्षों से अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। साथ ही मकान भी बना लिया है। तालाब की भूमि पूरी तरह समतल कर दी है। वहीं तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे की जानकारी पर करीब पांच वर्ष पूर्व राजस्व लेखपाल ने अवैध कब्जेदार नूरुद्दीन पर तहसीलदार न्यायालय में मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें सुनवाई के बाद 29 मई 2024 को उसे बेदखल किया जा चुका है। इसके बावजूद अभी तक तहसील प्रशासन ने अवैध कब्जा नहीं हटाया है। इधर तालाब खुदाई योजना में उक्त तालाब का चयन होने के बाद पिछले दिनों समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण मुक्त किए जाने की मांग की है। जिसपर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश करते हुए अवैध कब्जा हटाने के लिए कब्जेदार को निर्देश दिए। जिसपर लिखित रूप से उसने एक सप्ताह के अंदर कब्जा हटा लेने की सहमति दी थी। इसके बावजूद अब तक अवैध कब्जा नहीं हटा है। जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। डीएम ने एसडीएम डेरापुर को जांच कर तालाब की जमीन से अवैध अतिक्रमण को अति शीघ्र हटाने के निर्देश दिए हैं।



आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार करते डॉ. जीपी द्विवेदी। अमृत विचार

# गर्मी में बढ़ रहे संक्रामक रोगी

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और लू की तपिश बढ़ने से संक्रामक मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। रविवार को पीएचसी राजपुर में आयोजित आरोग्य मेले में उल्टी-दस्त व बुखार के मरीजों की संख्या अधिक रही। डॉक्टरों ने मौसमी बीमारियों में खानपान में सावधानी बरतने की सलाह दी है।

भीषण गर्मी और लू की तपिश बढ़ने से संक्रामक बीमारियां बढ़ने लगी हैं। क्षेत्र के आरोग्य मंदिरों में इलाज कराने पहुंचे मरीजों में सर्वाधिक मरीज पेट रोग संबधित रहे। रविवार को राजपुर पीएचसी के मेले में कुल 27 मरीज पहुंचे। इनमे 6 मरीजों ने उल्टी-दस्त व पेट दर्द की समस्या बताई। 9 मरीज खुजली, एक कान से पीड़ित, 5 मरीज बुखार व 11 मरीज अन्य रोग संबंधी आए। डॉ. जीपी द्विवेदी ने मरीजों को दवाइयां दी। इस मौके पर फार्मासिष्ट भोलेंद्र सिंह, वार्ड ब्वाय शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# खड़े ट्रक से भिड़ा डंपर, चालक की मौत

- भोगनीपुर क्षेत्र के देवीपुर के पास हादसा, क्लीनर घायल
- ओवरलोड मौरंग लादकर कानपुर जा रहा था डंपर

संवाददाता, पुखरायां


खराब ट्रक से भिड़ने के बाद क्षतिग्रस्त डंपर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ओवरलोड मौरंग लेकर कानपुर की ओर जाते समय डंपर देवीपुर के समीप खराब खड़े ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना में डंपर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने लोगों की मदद से डंपर में फंसे ड्राइवर व चालक को बाहर निकाला।

रविवार की भोर भोगनीपुर की ओर से ओवरलोड मौरंग लादकर कानपुर की ओर जा रहा डंपर भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के देवीपुर फ्लाईओवर के समीप कानपुर-झांसी हाईवे किनारे खराब खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि डंपर के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और चालक व परिचालक फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से डंपर में फंसे चालक व परिचालक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक डंपर चालक हबीब (35) निवासी अहरौली शेख कोतवाली भोगनीपुर की मौत हो गई। जबकि परिचालक संजय निवासी कथरी थाना सट्टी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने जानकारी मृतक के परिजनों को दी। जिसपर परिजनों में कोहराम मच गया। भोगनीपुर क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### लोकेशन माफिया का खेल रफ्तार पर लगी नहीं ब्रेक

भोगनीपुर क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों की रफ्तार थम नहीं रही। भोगनीपुर चौराहे से ओवरलोड वाहन निकल रहे हैं। भोगनीपुर क्षेत्र में गैर जनपदों से आकर लोकेशन माफिया सक्रिय है, जो ओवरलोड वाहनों को निकलवाने के एवज में मोटर मालिको से मोटी रकम लेकर राजस्व चपत लगाते हैं। नाम न छापने की शर्त एक ट्रांसपोर्टर ने बताया कि ओवरलोड वाहन निकलवाने के लिए स्थानीय पुलिस ओवरलोड एंट्री के नाम पर ढाई से लेकर तीन हजार रुपये तक लेती है। वहीं एआरटीओ की लोकेशन के पांच से लेकर सात हजार रुपये तथा खनिज के आठ से दस हजार रुपये तक लगते है। फिलहाल सीओ संजय सिंह का कहना है कि जल्द ही अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों तथा लोकेशन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



रविवार को प्रोजेक्ट नई किरण में सुनवाई करते टीम के सदस्य। अमृत विचार

### 'नई किरण' से सात दंपतियों की नई जिंदगी की शुरुआत

**कानपुर देहात।** रविवार को माती पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 49 मामले आए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद सात परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। जिसपर पति-पत्नी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सुषमा, पुलिस कर्मी राममूर्ति यादव, जयमाला, प्रियंका गुप्ता, आरती, ज्योति शिखा, नई किरण सदस्य कंचन मिश्रा, राम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### अकबरपुर मेडिकल कालेज में प्राइवेट एंबुलेंस का जमावड़ा

**कानपुर देहात।** अफसरों के तमाम प्रयासों के बावजूद प्राइवेट एंबुलेंसों का मेडिकल कालेज अकबरपुर के परिसर में जमावड़ा लगा रहता है। शाम ढलते ही चालक मेडिकल कालेज गेट से लेकर ओपीडी भवन के रास्ते में निजी एंबुलेंस खड़ी कर देते हैं और इमरजेंसी के आसपास मंडराते हैं। किसी मरीज के रेफर होने पर यह निशुल्क सरकारी एंबुलेंस पहुंचने से पहले ही बरगलाकर मनमाने किराये पर लेकर रफूचक्कर हो जाते हैं। वहीं जिम्मेदार मेडिकल कालेज में गार्डों की तैनाती होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं।


अमराहट थाने का निरीक्षण करते एसपी अरविंद मिश्र। अमृत विचार

### लोगों ने एसपी को सुनाया हाईवे पर अवैध पार्किंग का दुखड़ा

**सिकंदरा।** पुलिस अधीक्षक ने थाना अमराहट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को जांचकर रात्रि गश्त में तेजी लाने समेत अन्य निर्देश दिए। रविवार की दोपहर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र ने थाना अमराहट का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने थाने में पाई गई खामियों को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। कहा कि यह उनका पहला निरीक्षण है, लेकिन सुधार न होने पर अगली बार सीधे कार्रवाई होगी। इसके बाद एसपी ने थाने में होने वाली बैठक का रजिस्टर जांचा। वहीं भोजनालय में साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने महिला हेल्पडेस्क का भी निरीक्षण किया। थाना प्रभारी राहुल कुमार को लंबित मामलों का जल्द निस्तारण व रात्रि गस्त में तेजी के निर्देश दिए। लोगों ने एसपी को बताया कि नेशनल हाईवे पर वाहनों की अवैध पार्किंग बड़ी समस्या है। जिसपर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**दोहरी सौगात** — माती से शिवली होकर कानपुर तक रोडवेज बस सेवा शुरू होने का पहले दिन ही असर, अब शिवली से रूरा तक 30 रुपये

# रोडवेज बस चलने पर प्राइवेट बस मालिकों ने घटाया किराया

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

**अमृत विचार।** माती से अकबरपुर से रूरा वाया शिवली होकर कानपुर के लिए रोडवेज की बस सेवा शुरू होने से प्राइवेट बसों की मनमाने किराया के मामले का खुलासा हुआ है। रोडवेज सेवा शुरू होने के एक ही दिन बाद प्राइवेट बसों का दस रुपये तक किराया कम हुआ है।

कोरोना महामारी के समय के बाद शिवली से रूरा करीब बीस किलोमीटर तक के लिए प्राइवेट बस संचालक 40 रुपये तक वसूल रहे थे। जबकि रोडवेज बस का किराया महज 23 रुपये होगा। रोडवेज बस संचालन के बाद प्राइवेट बस संचालकों ने बस किराये में कमीं की है। बस संचालन से जुड़े एक जिम्मेदार ने बताया कि एसोसिएशन ने अब शिवली से रूरा का किराया 30 रुपये तय किया है।



माती से शिवली दौड़ने लगी बस।

- पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन ने एआरएम से उठाई थी मांग

दरअसल, कानपुर कल्याणपुर, बैरी, बाघपुर से शिवली, रूरा होकर निजी बसों का संचालन किया जाता है। माती अकबरपुर तक बस सेवा शुरू किए जाने को लेकर पत्रकार विधिक वेलफेयर एसोसिएशन ने क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार को 6 मार्च ज्ञापन सौंपा था। शनिवार 6 जून से रोडवेज की बस सेवा शुरू हो गई, जिससे ग्रामीणों में खुशी है।

### अब बार-बार नहीं बदलने पड़ेंगे साधन

- आजादी के बाद से शिवली के लोगों को तहसील अकबरपुर आने-जाने के लिए सीधे बस का साधन नहीं था। माती जिला मुख्यालय बनने के बाद भी हालात नहीं बदले। हालाकि अब यात्रियों को कस्बा शिवली व आसपास के गांवों से माती, अकबरपुर जाने के लिए एक बार बस में बैठने पर दोबारा नहीं बदलनी पड़ेगी। इसके पहले शिवली से रूरा जाकर बस बदलनी पड़ती थी। रूरा नहर पुल से अकबरपुर रोड उसके बाद फिर अकबरपुर जाने के साधन मिलता था। अकबरपुर से माती के लिए दूसरा साधन करना पड़ता था। जिससे ग्रामीणों की यात्रा बड़ी कष्टप्रद होती थी। साथ ही शिवराजपुर व चौबेपुर के थानों की कोर्ट माती में होने से भी यहां के लोगों का आवागमन और मुश्किल था। यहां के लोग कानपुर फजलगंज से होकर माती की यात्रा करने के लिए मजबूर थे।

### रोडवेज ने अलग-अलग स्टेशन का तय किया किराया

- माती डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) शशि सिंह ने बताया कि रोडवेज बस का संचालन शुरू होने के बाद माती मुख्यालय से विभिन्न जगहों तक का किराया तय कर दिया गया है। माती से अकबरपुर 8 रुपये, तिगाईं 18 रुपये, रूरा और प्रेमा देवी तक 23 रुपये, गहलों 31 रुपये, केशरीनिवादा 42 रुपये, शिवली 47 रुपये, बाबा कुआं 53 रुपये और माती से शिवराजपुर तक 62 रुपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल एक बस का संचालन शुरू किया गया है। अगर यात्रियों की संख्या बढ़ती है तो जरूरत के हिसाब से बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

### लोगों की राय


माती से शिवली बस चलने से बेहद खुशी है। बस का संचालन मैथा, बैरी, बाघपुर कल्याणपुर तक होना चाहिए
-आशुतोष द्विवेदी, व्यापारी नेता


आजादी के बाद पहली बार अकबरपुर व माती के लिए नियमित रोडवेज बस सेवा शुरू होने का लाभ आम लोगों को मिलेगा।
-अशोक अवस्थी, पूर्व सभासद


माती और अकबरपुर जाने के लिए आसपास के तमाम गांवों के लोगों को रोडवेज बस संचालन का फायदा मिलेगा।
-नीरज वर्मा, रायपुर


रोडवेज बस माती से रनियां, मैथा स्टेशन व मैथा होकर भी चलाना चाहिए, जिससे रास्ते में पड़ने वाले गांव के लोगों को भी सहूलियत मिले।
-टिल्लू पाल, प्रधान सुनवर्षा

